yashbharat.co.in
हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें
# यश भारत
नये जमाने के साथ..
● वर्ष- 17 अंक 154 ● कटनी ● गुरुवार, 6 जुलाई, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● प्रथम श्रावण मास कृष्ण पक्ष 2 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935


**आज का मौसम**
आज सुबह का तापमान
28 डिसे
दोपहर 12 बजे तक
34 डिसे
मौसम रहेगा शुष्क

## दिल्ली, हरियाणा और पंजाब में ड्रग सिंडिकेट एक्टिव

नई दिल्ली, एजेंसी। देश की युवा पीढ़ी को नशे की लत का शिकार बनाने के लिए इंटरनेशल ड्रग सिंडिकेट कई राज्यों में पांव जमा चुका है। हाल में एक ड्रग तस्करी के केस की जांच के दौरान हड्डू को कई चौंकाने वाली जानकारियां मिली हैं। राजधानी दिल्ली, हरियाणा और पंजाब राज्य में इस समय 3 इंटरनेशनल ड्रग सिंडिकेट सक्रिय हैं। ये ड्रग सिंडिकेट पाकिस्तान, इटली और आस्ट्रेलिया की हैं। इन तीनों ड्रग सिंडिकेट ने 5 जगहों पर ड्रग रिफाइनरी बनाई थीं, जिन्हें सुरक्षा एजेंसियों की पकड़ में आने से पहले अज्ञात जगहों पर शिफ्ट कर दिया।

# बिहार में वज्रपात से 15 की मौत

## केरल में भारी बारिश, मप्र-महाराष्ट्र में बारिश का अलर्ट



■ नई दिल्ली, ईएमएस।

केरल में मंगलवार रात से जारी मूसलाधार बारिश ने जनजीवन ठप कर दिया है। कई इलाकों में सड़कों पर जलभराव, नदियों और बांधों में जल स्तर बढ़ने और कुछ मकानों के क्षतिग्रस्त होने की खबरें हैं। वहीं, पंजाब में सामान्य से 295 प्रतिशत ज्यादा बारिश दर्ज की गई। बिहार में बिजली गिरने से 15 लोगों की मौत हो गई। वहीं, लुधियाना व बागेश्वर में एक-एक की मौत की सूचना है। महाराष्ट्र, और मध्यप्रदेश में बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, केरल के 14 में से 12 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया गया है। अगले कुछ दिन में बारिश की तीव्रता कम होने की संभावना है। पथनमथिट्टा जिले में एक ऑटो रिक्शा पलटकर एक नाले में गिर गया जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई। बिहार में बिजली गिरने से 15 लोगों की मौत हो गई। यह घटना पिछले 24 घंटे के दौरान घटी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 15 लोगों की मौत पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के लिए 4 लाख रुपये की राहत राशि की भी घोषणा की। उन्होंने राज्य के लोगों से सतर्क रहने और घर के अंदर रहने की भी अपील की।

### गोवा में स्कूल बंद

आईएमडी ने मुंबई के लिए 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया है, जबकि रायगढ़ के लिए 'रेड' अलर्ट जारी किया गया है. 'ऑरेंज' अलर्ट के साथ कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा की संभावना जताई गई है, जबकि 'रेड' अलर्ट के तहत अत्यधिक भारी वर्षा की संभावना है. लगातार खराब मौसम के बीच, मुंबई की एक लोकल ट्रेन बुधवार रात टिटवाला जाते समय पड़ोसी ठाणे जिले के मुंब्रा स्टेशन पर एक प्लेटफॉर्म के किनारे से हल्की टकरा गई, जिससे कुछ समय के लिए सेवाएं बाधित हो गई.यात्रियों ने शिकायत की कि इस घटना के कारण धीमी लाइनों पर ट्रेनें बुरी तरह प्रभावित हुई और परिणामस्वरूप ट्रेनों और प्लेटफार्मों पर भीड़ भी बढ़ गई. कुछ यात्रियों ने ट्वीट किया कि इस घटना के कारण मार्ग पर अन्य ट्रेनों के लिए 45 मिनट से एक घंटे की देरी हुई. दक्षिण कन्नड़ और उडुपी में अलग-अलग दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई. भारत मौसम विज्ञान विभाग ने तटीय कर्नाटक के सभी तीन जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है. दक्षिण कन्नड़ और उडुपी जिला प्रशासन ने आंगनबाड़ियों, प्राथमिक और उच्च विद्यालयों और प्री-यूनिवर्सिटी कॉलेजों के लिए 5 जुलाई को छुट्टी की घोषणा की थी. आईएमडी द्वारा गुरुवार को गोवा में भारी बारिश की भविष्यवाणी के साथ, राज्य शिक्षा विभाग ने स्कूलों के लिए एक दिन की छुट्टी की घोषणा की है लुधियाना में लुधियाना-मलेरकोटला रोड पर डेहलों इलाके के पास भारी बारिश के बाद एक फैक्ट्री का शेड गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए।

## ब्योहारी में बिजली गिरी, महिला की मौत, दो गंभीर झुलसे

शहडोल जिले के ब्योहारी थाना क्षेत्र के सनोसी गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गई है। इस घटना में दो अन्य घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि बुधवार की शाम खेत में काम कर रहे देवरानी, जेठानी एवं गांव के एक व्यक्ति आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। इसमें प्रेरणा कहार पति प्रेमलाल कहार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की देवरानी एवं गांव का एक अन्य व्यक्ति भी बिजली गिरने से झुलस गए हैं। जिन्हें सिविल अस्पताल ब्योहारी में आनन-फानन में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी समीर खान ने बताया कि आकाशीय बिजली की चपेट में आने से प्रेरणा कहार की मौके पर ही मौत हो गई है तो मृतक की देवरानी एवं गांव का एक अन्य व्यक्ति गंभीर हैं। इसमें परिजनों ने आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने मामले पर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## अगस्त में राहुल गांधी आ सकते हैं शहडोल



■ भोपाल, यशभारत।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक जुलाई को शहडोल जिले के लालपुर और पकरिया गांव में आदिवासी वोटरों को साधने की कोशिश की थी और बड़ा कार्यक्रम हुआ था। इसके बाद अब कांग्रेस ने भी अपने नेता राहुल गांधी को शहडोल से चुनावी दौरे की शुरूआत करने के लिए तैयार कर लिया है। राहुल गांधी शहडोल के ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र में एक बड़ी सभा कर सकते हैं माना जा रहा है कि अगस्त में राहुल गांधी शहडोल में एक बड़ी सभा कर सकते हैं। जिले के ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र में यह सभा हो सकती है। कांग्रेस ने अंदर ही अंदर इस कार्यक्रम को लेकर तैयारियों को शुरू भी कर दिया है। मध्य प्रदेश में आगमी नवंबर में चुनाव होना है जिसको लेकर अब कांग्रेस पूरी ताकत के साथ विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी मध्य प्रदेश के दौरे की शुरूआत कर सकते हैं। जहां भारतीय जनता पार्टी आदिवासी वोटर्स को साधने के लिए नए नए कार्यक्रम लेकर आ रही है तो वही कांग्रेस भी खुद को पीछे रखने के मूड में नहीं है।

### शहडोल और उमरिया जिलों को कवर करेंगे

बताया जा रहा है कि राहुल गांधी अगस्त में शहडोल आ सकते हैं जिसकी तारीख तय होना है। स्थानीय कांग्रेस नेताओं को भी राहुल गांधी की सभा की तैयारियों निर्देश दे दिए गए हैं।

## » न्यूज गैलरी



गुवाहाटी में भाजपा की बड़ी बैठक आज

### लोकसभा चुनाव के लिए तैयार होगी रणनीति

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

भाजपा लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी में जुट गई है। केंद्रीय नेतृत्व आज (गुरुवार) गुवाहाटी में पूर्वोत्तर राज्यों, पश्चिम बंगाल और झारखंड के पार्टी अध्यक्ष और प्रभारियों के साथ बैठक करेगा। भाजपा के त्रिपुरा इकाई के अध्यक्ष राजीब भट्टाचार्य ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा, च्संगठन महासचिव बीएल संतोष इस बैठक की अध्यक्षता करेंगे। भट्टाचार्य ने भरोसा जताया कि भाजपा त्रिपुरा में दोनों संसदीय सीट जीतेगी। उन्होंने कहा कि बैठक में चर्चा होगी कि चुनाव कैसे लड़ा जाए। पूर्वोत्तर राज्यों में वोटिंग का प्रतिशत को कैसे बढ़ाया जाए। इस बैठक में संगठनात्मक मुद्दो पर चर्च होगी। राजीब भट्टाचार्य ने कहा, बीजेपी सबका साथ, सबका विकास और विश्वास में भरोसा करती है। हमारा दृष्टिकोण लोगों का विकास है। ओडिशा भाजपा की 5 सदस्यीट टीम गुवाहाटी में पार्टी की पूर्वी राज्यों की बैठक में शामिल होगी। 2019 के चुनाव में बीजेपी ने 21 लोकसभा सीटों में से 8 सीटें जीती हैं। केंद्रीय नेता आगामी लोकसभा चुनाव में सभी निर्वाचन क्षेत्र पर जीत को लेकर चर्चा करेंगे।

### जोहान्सबर्ग में अस्थायी बस्ती में गैस लीक से 16 की मौत

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग के बोक्सबर्ग रिहाइशी इलाके के पास बनी एक अस्थायी बस्ती में गैस लीक होने से 16 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 3 बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस ने गैस लीक को रोक दिया है।

### मैक्सिको में बस खाई में गिरी,25 की मौत, 17 घायल

■ ओक्साका, एजेंसी।

मैक्सिको के राज्य ओक्साका में बुधवार रात को एक बस का एक्सीडेंट हो गया। हादसे में 25 लोगों के मरने और 17 लोगों के घायल होने की खबर है। बताया जा रहा है कि बस मैक्सिको सिटी से ओक्साका के योसनडुआ की तरफ जा रही थी, जब मगडालेना पेनास्को गांव के पास बस सड़क से उतरकर खाई में गिर गई।

### दिल्ली में बेटी के एक्स-बॉयफ्रेंड ने महिला को गोली मारी, मौत

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

दिल्ली के सराई रोहिल्ला में एक 55 साल की महिला को उसकी बेटी के एक्स-बॉयफ्रेंड ने गोली मार दी। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना बुधवार को शाम करीब 4 बजे हुई। पुलिस ने इस मामले में मर्डर का केस दाखिल कर लिया है और जांच कर रही है। पोस्ट-मॉटर्म के बाद महिला का शव परिवार को सौंपा जाएगा।

**कई और मंत्रियों को संगठन में भेजने की तैयारी में भाजपा**

## मध्यप्रदेश सहित छह और राज्यों के बदलेंगे अध्यक्ष

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा संगठन को चुस्त दुरुस्त करने में जुट गई है। मंगलवार को केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी को तेलंगाना का प्रदेश अध्यक्ष बनाने के बाद कुछ और केंद्रीय मंत्रियों को संगठन में भेजे जाने की तैयारी है। भावी बदलाव पर बुधवार को पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संघ के सर सह कार्यवाह और पार्टी-संघ के बीच समन्वयक की भूमिका निभा रहे अरुण कुमार से भी चर्चा की है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि चूंकि नौ महीने बाद लोकसभा चुनाव है, ऐसे में बदलाव के जरिये संगठन को मजबूत बनाने को प्राथमिकता दी जा रही है। चार प्रदेशों के अध्यक्ष बदलने के बाद अब कर्नाटक, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान और गुजरात सहित छह राज्यों में नए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति की जाएगी। इसके बाद केंद्रीय संगठन में व्यापक बदलाव के बाद मानसून सत्र से पहले केंद्रीय मंत्रिमंडल में बदलाव किया जाएगा।



### मांडविया को मिल सकती है गुजरात की कमान

पार्टी नेतृत्व ने मजबूत चुनावी तैयारी के लिए कुछ केंद्रीय मंत्रियों को संगठन की जिम्मेदारी दिए जाने का फैसला किया है। इस क्रम में केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया या पुरुषोत्तम रुपाला को गुजरात, प्रहलाद पटेल या नरेंद्र सिंह तोमर को मध्य प्रदेश संगठन की कमान दी जा सकती है। इसके अलावा कुछ मंत्रियों को केंद्रीय संगठन में नई जिम्मेदारी दी जाएगी।

### नड्डा से मिले मांडविया, प्रहलाद और सिंधिया

बुधवार को नड्डा और सर सह कार्यवाह अरुण कुमार के बीच करीब एक घंटे बातचीच हुई। माना जा रहा है कि इस दौरान नड्डा ने अब तक हुए बदलाव और भावी बदलावों की जानकारी उन्हें दी। नड्डा मांडविया, प्रहलाद सिंह पटेल और ज्योतिरादित्य सिंधिया से भी मिले। मंगलवार को आधा दर्जन केंद्रीय मंत्रियों निर्मला सीतारमण, भूपेंद्र यादव, किरेन रिजिजू, गजेंद्र सिंह शेखावत, अर्जुन मेघवाल और एसपी सिंह बघेल ने नड्डा से मुलाकात की थी।

**अमेरिका ने कर दिया काम आसान!**

## जल्द गिरफ्त में होगा मुंबई हमले का मास्टरमाइंड राणा

■ कैलिफोर्निया, एजेंसी।

पाकिस्तानी मूल के कनाडाई व्यवसायी तहव्वुर हुसैन राणा के बुरे दिन आ गए हैं. हुसैन द्वारा दायर की गई बंदी प्रत्यक्षीकरण रिट को बाइडेन प्रशासन ने कैलिफोर्नियाई अदालत से अस्वीकार करने का आग्रह किया है और दोहराया है कि उसे भारत भेजा जाए. तहव्वुर हुसैन का कनेक्शन 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों से है, तभी भारत अमेरिका से उसे जल्द भेजने की मांग कर रहा है. एक अमेरिकी अदालत ने मई में राणा के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी थी. राणा को फिलहाल लॉस एंजिल्स के मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर में हिरासत में लिया गया है. राणा (62) ने अपने वकील के जरिये बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर करते हुए भारत सरकार द्वारा उसके प्रत्यर्पण को चुनौती दी थी. राणा की याचिका का विरोध करते हुए अमेरिकी वकील एस्ट्राडा ने कहा कि याचिकाकर्ता यह प्रदर्शित करने में असमर्थ है कि भारत के प्रत्यर्पण अनुरोध में संभावित कारण के पर्याप्त सबूत नहीं हैं. राणा के वकील ने प्रत्यर्पण अनुरोध संधि के तहत इसका विरोध किया था. उसके वकील ने तर्क दिया था कि राणा का प्रत्यर्पण अवैध है.गौरतलब है कि भारत ने 10 जून 2020 को प्रत्यर्पण के लिए राणा की अस्थायी गिरफ्तारी की मांग करते हुए शिकायत दर्ज कराई थी. अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने राणा के भारत प्रत्यर्पण का समर्थन किया था और उसे मंजूरी दी थी।

## सीधी केस में पीड़ित से मिले सीएम शिवराज पैर धोकर किया सम्मान, मांगी माफी

■ भोपाल, यशभारत।

सीधी कांड के पीड़ित आदिवासी से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को मुलाकात की। पीड़ति दशमत सुबह तकरीबन 10 बजे मुख्यमंत्री आवास पहुंचे। मुख्यमंत्री चौहान ने दशमत को कुर्सी पर बैठाकर उनके पैर धोए। इसके उपरांत तिलक लगाया, आरती उतारी और शाल ओढ़ाकर दशमत का सम्मान किया। सीएम शिवराज ने दशमत के साथ हुई घटना पर दुख व्यक्त किया कहा कि इससे मन द्रवित है। मुख्यमंत्री ने दशमत से उस घटना के लिए माफी भी मांगी। उन्होंने दशमत को भगवान गणेश की एक मूर्ति भी भेंट की। साथ मिलकर पौधारोपण किया। सीएम शिवराज ने दशमत से उनके परिवार और रोजगार के बारे में पूछा और अनेक विषयों पर चर्चा की। सीएम ने दशमत से पूछा कि घर चलाने के क्या साधन है, शासन की कौन-कौन सी योजनाओं का लाभ मिल रहा है! बेटी लाड़ली लक्ष्मी है? पत्नी को लाड़ली बहना का लाभ मिल रहा है? आवास योजना का लाभ मिला है या नहीं? सीएम ने दशमत से कहा कि



बेटी को पढ़ाना है, बेटियां आगे बढ़ रही है! उन्होंने दशमत को सुदामा की संज्ञा दी कहा कि आप मेरे सखा हैं। उधर, सीधी कांड को लेकर लगातार सियासत गरमा रही है। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सीधी जिले में आदिवासी समाज के युवक के ऊपर लघुशंका करने के कृत्य को अमानवीय, घृणित और बेहद शर्मनाक बताया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा है कि भाजपा राज में आदिवासी हितों पर केवल कोरी बातें और दावे हो रहे हैं। आदिवासियों पर अत्याचार रोकने के लिए सरकार ठोस कदम क्यों नहीं उठाती।

## दलितों के मुंह पर कालिख पोतकर जूते की माला पहनाने वालों के घर पर चला बुलडोजर

■ ग्वालियर, एजेंसी।

30 जून शिवपुरी के बिरखड़ी गांव में वर्ग विशेष के लोगों ने दलित युवाओं का मुंह काला करके जूते चप्पल पहनाकर जुलूस निकाला था। वर्ग विशेष के लोगों ने युवकों पर युवती से छेड़खानी करने का आरोप लगाया था। लेकिन इस घटना के बाद भाजपा सहित अन्य संगठनों ने मुद्दा बनाया और सीधी जैसे मामले से जोड़ दिया। इसके बाद प्रशासन ने हरकत में आकर



नरवार में दलितों को मुंह पर कालिख पोतकर जूते की माला पहनाकर पीटने के मामले में मुस्लिम परिवार का घर प्रशासन ने तोड़ दिया।शुक्रवार को ग्राम बरखाड़ी के कुछ लोगों ने गांव की युवती से छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए अनुज जाटव व संतोष केवट नाम के दो युवकों के साथ दुर्व्यवहार किया था। आरोपों के मुताबिक ये दोनों युवक, गांव की एक युवती को परेशान कर रहे थे। इन्हें सबक सिखाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से गांव में बुलाया गया और पकड़ कर मारपीट की गई। इसके बाद इनके चेहरे पर कालिख पोतकर और गले में जूते की माला डालकर जुलूस निकाला गया। बाद में इन्हें पुलिस के हवाले कर दिया गया। इस घटना का एक वीडियो भी काफी वायरल हुआ था। जब पुलिस ने इन युवकों से पूछताछ की, तो युवकों ने छेड़छाड़ से इंकार किया। पुलिस की पड़ताल में भी लड़की के साथ छेड़छाड़ का आरोप सिद्ध नहीं हो पाया।

**महाराष्ट्र में पिक्चर अभी बाकी है**

## एनसीपी कोटे के मंत्रियों को अहम विभाग देने पर शिंदे गुट नाराज

■ मुंबई, एजेंसी।

महाराष्ट्र में एनसीपी कोटे के मंत्रियों को अहम विभाग की मांग के चलते शिंदे गुट के विधायकों में खासी नराजगी है। क्योंकि अजित पवार ने एनसीपी मंत्रियों के लिए वित्त और योजना, बिजली, सिंचाई, सहयोग और विपणन जैसे विभागों की मांग की है। यही वजह है कि सत्तारूढ़ गठबंधन में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) अजीत पवार गुट के शामिल होने से भले ही सरकार और मजबूत हुई हो लेकिन सरकार के अंदर सहयोगी दलों के बीच खटपट की आशंका भी बढ़ गई है। खासकर नए मंत्रियों को विभागों के आवंटन के मुद्दे पर शिवसेना के शिंदे गुट के विधायकों में नाराज़गी बढ़ गई है। हालांकि, बीजेपी की कोशिश है कि दोनों सहयोगी दलों को साधते हुए 2024 तक का सफर तय करें। लेकिन यदि तकरार बढ़ी तो फिर संभालना मुश्किल होगा। इधर, एनसीपी के नौ मंत्रियों को सरकार में शामिल किए जाने से नाराज शिंदे समूह के विधायकों ने अपने नेता और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से बात कर उन्हों दो टूक कहा है कि अजित पवार के नेतृत्व में एनसीपी कोटे के मंत्रियों को वित्त, सिंचाई और सार्वजनिक निर्माण जैसे प्रमुख विभाग नहीं दिए जाने चाहिए। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, अजित



पवार ने एनसीपी कोटे के मंत्रियों के लिए वित्त और योजना, बिजली, सिंचाई, सहयोग और विपणन जैसे विभागों की मांग की है। उनका तर्क है कि पार्टी (एनसीपी) के पास उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी सरकार के दौरान यही विभाग थे, इसलिए इस बार भी उन्हें वही विभाग दिए जाने चाहिए। उधर, शिंदे गुट के विधायकों का कहना है कि जब अजित पवार के पास महा विकास अघाड़ी सरकार में वित्त विभाग था, तो वह एनसीपी के गढ़ों में परियोजनाओं के लिए अधिक धन आवंटित करते थे, जिससे राज्य में एनसीपी का दबदबा बढ़ गया और शिवसेना को भारी नुकसान हुआ था। अगर एनसीपी को दोबारा वही विभाग आवंटित किए गए तो यह शिंदे गुट को सरकार और गठबंधन में तीसरे स्थान पर लाकर छोड़ देंगे। इसलिए ऐसा होने से रोकना होगा। शिंदे गुट के विधायकों ने सीएम से अजित पवार और उनके मंत्रियों को महत्वपूर्ण विभाग आवंटित करने के प्रयासों का पुरजोर विरोध करने को कहा है।

### शरद पवार दिल्ली रवाना

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) में बड़ी फूट के बीच पार्टी सुप्रीमो शरद पवार गुरुवार को दिल्ली में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक करने जा रहे हैं. इससे पहले, बुधवार को शरद पवार और अजित पवार ने मुंबई में अपना शक्ति प्रदर्शन किया. दोनों ही खेमों में विधायकों की गोलबंदी देखी गई. जहां, अजित पवार ने दावा किया कि उन्हें 30 से अधिक विधायकों समर्थन हासिल है, तो शरद पवार गुट की बैठक में सिर्फ 18 विधायक ही पहुंचे, जबकि कुछ विधायक किसी भी गुट की बैठक में शामिल नहीं हुए। महाराष्ट्र केउपमुख्यमंत्री अजित पवार अपने चाचा शरद पवार की तुलना में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अधिक विधायकों का समर्थन होने से संख्या के इस खेल में उनसे आगे नजर आ रहे हैं।

**पैरों से बदली अपनी किस्मत**

## पहली बार में पास की परीक्षा, टेलर का बेटा बन गया पटवारी

■ देवास/सोनकच्छ, एजेंसी।

कहते हैं कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती. कुछ ऐसा ही कर दिखाया है देवास के अमीन खान ने. अमीन के दोनों हाथ नहीं है. बावजूद इसके अमीन ने मेहनत कर नहीं छोड़ी. अपनी कमी को उन्होंने ताकत बनाया. पढ़ाई का जुनून तो पहले से ही था. फिर कड़ी मेहनत से सोनकच्छ के पीपलरावां के रहने वाले आमीन ने पहले ही कोशिश में परीक्षा पास कर ली. घरवालों का साथ मिला और अब अमीन पटवारी बन गए. उनकी इस सफलता की कहानी की हर तरफ काफी चर्चा हो रही है। दरअसल, देवास जिले के सोनकच्छ तहसील की नगर परिषद पीपलरावां में रहने वाले युवक के दोनों हाथ नहीं है. बावजूद इसके उन्होंने पटवारी की परीक्षा देकर उसे पहली ही बार में पास कर ली. पीपलरावां के रहने वाले आमीन खान की उम्र महज 30 साल है. जब वह जन्मे थे तभी से ही उनके दोनों हाथ नहीं थे. बावजूद इसके आमीन ने विकट परिस्थितियों में भी दुनियादारी देखते हुए अपनी जिंदगी गुजारी है।






### परिवार ने की आमीन की मदद

आमीन बताते हैं कि पढ़ाई में उनका बचपन से ही विशेष मन था और घरवालों की मदद से वे लगातार मेहनत कर इस मुकाम पर पहुंचे हैं. आमीन के दोनों हाथ नहीं है, लेकिन उनका परिवार आज उनके साथ हैं. मेहनत के जुनून के चलते हैं उन्होंने पटवारी की परीक्षा पास की है. आमीन अपने दोनों पैरों से ही अपना काम करते हैं. आमीन ने लिखना भी दोनों पैरों से ही सीखा है. वे कंप्यूटर चलाना भी पैरों से ही करते हैं और अपने दिनचर्या का अधिकतर काम पैरों से करते हुए यहां तक पहुंचे हैं. आमीन के पिता इकबाल मंसूरी टेलरिंग का काम करते हैं. उनकी आर्थिक स्थिति भी कमजोर है. आमीन के पिता का कहना है कि कड़ी मेहनत और लगन से ही आमीन ने यह मुकाम हासिल किया है जिसने देवास जिले व पीपलरावां का नाम रोशन करते हुए पटवारी में सिलेक्शन हासिल किया है. आमीन कहते है मेरे माता-पिता की दुआ और कड़ी मेहनत मुझे यहां तक लायी है और आगे भी ले जाएगी. जिन लोगों को सभी सुविधाएं मिल रही है, वे भी मेहनत करें तो सफलता जरूर हाथ लगेगी।

## गर्मी से 2050 तक 10 प्रतिशत कम होगी गेहूं की फसल



■ नई दिल्ली, ईएमएस।

बढ़ते तापमान के कारण भारत में 2040 तक गेहूं की पैदावार में पांच फीसदी और 2050 तक 10 फीसदी की कमी हो सकती है। यह बात एक अध्ययन में सामने आई है। इस अध्ययन में गेहूं और ज्वार के उत्पादन पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव की तुलना की गई है। शोधकर्ताओं ने पाया कि बढ़ते तापमान का ज्वार की उत्पादकता पर गेहूं जैसा असर नहीं पड़ेगा। 2030 तक गेहूं के लिए पानी की कुल जरूरत नौ फीसदी तक बढ़ सकती है, जबकि इस दौरान ज्वार के लिए पानी की जरूरत छह फीसदी ही बढ़ेगी।

### ज्वार और रबी की फसल में बढ़ोतरी

न्यूयॉर्क के कोलंबिया विश्वविद्यालय में पारिस्थितिकी और सतत विकास के शोधकर्ता प्रोफेसर रूथ डेफ्रीज के अनुसार, यदि सही संतुलन बनाया जाए तो ज्वार और रबी की फसल में बढ़ोतरी करने के लिए गेहूं जलवायु के अनुकूल होने का विकल्प प्रदान करता है। ज्वार या बाजरे की शुष्क परिस्थितियों में उगने की क्षमता के कारण इन फसलों को जीवट माना जाता है। इसमें गेहूं की तुलना में करीब दो से तीन फीसदी पानी की कम खपत होती है। दूसरी ओर गेहूं की अधिक पैदावार का मतलब है प्रतिबूंद अधिक फसल का उत्पादन।

### ज्वार पर नहीं किया गया अधिक शोध

बढ़ते तापमान का गेहूं पर भारी असर पड़ता है। अध्ययन के मुताबिक, भारत में कुल गेहूं उत्पादन में 1998 से 2020 के बीच करीब 42त्न की बढ़ोतरी हुई, जबकि ज्वार में 10त्न की गिरावट आई। यह गिरावट फसल क्षेत्र में 21त्न की कमी के कारण हुई। ज्वार की पैदावार कम होने का एक कारण यह है कि इस पर उतना शोध नहीं किया गया है, जितना कि गेहूं पर किया है। शोधकर्ताओं को उम्मीद है कि आने वाले समय में गेहूं के मुकाबले ज्वारा-बाजरा को ज्यादा तवज्जो मिलेगी।

# जबलपुर को सिटी ऑफ फेस्टिवल्स एंड इवेंट्स बनाना होगा- वेद प्रकाश

**जबलपुर यश भारत। जबलपुर के लोगों में अपनापन हैऔर यहां सांस्कृतिक क्षेत्र में संभावनाएं बहुत अधिक है। साथ ही साथ इस शहर को सिटी ऑफ फेस्टिवल एंड इवेंट्स के रूप में विकसित करने की आवश्यकता है। यह कहना है पूर्व आईएएस ऑफिसर और जबलपुर के नगर निगम आयुक्त रहे वेद प्रकाश का । वे प्राइम टाइम विद आशीष शुक्ला में चर्चा कर रहे थे।**




**वीडियो देखने के लिए यश भारत फेसबुक पर जाएं**

**यू-ट्यूब की खबरें देखने के लिए स्कैन करें क्यूआर कोड**

इस दौरान उन्होंने अपने विजन व राजनैतिक बिंदुओं पर खुलकर चर्चा की और शहर को लेकर विचार साझा किए। इस पूरे इंटरव्यू को आप यशभारत न्यूज़ चैनल व यशभारत के विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विस्तार से देख सकते हैं।

### यहां लोगों में संतोष भाव है

चर्चा की शुरुआत में आशीष शुक्ला द्वारा पूछा गया कि ऐसा क्या कारण था कि आपने जबलपुर को ही अपना घर बना लिया। जिसके जवाब में वेद प्रकाश द्वारा बताया गया कि यहां के लोगों में एक अपनापन है । यहां एक दूसरे से आगे निकलने की चूहा दौड़ नहीं है और यह संतोष का भाव संतों में होता है। यह सब नर्मदा मैया की देन है ,इसी कारण मैंने जबलपुर में रुक कर इसे अपना घर बनाया है। वहीं चर्चा के दौरान उन्होंने शहर को लेकर अपना विजन भी सामने रखा और विस्तार से चर्चा की जिसे आप पेपर में दिए क्यूआर कोड को स्कैन करके पूरा इंटरव्यू देख सकते हैं।



**यश भारत प्राइम टाइम में संस्थापक आशीष शुक्ला से विशेष चर्चा**

### संभावनाओं से भरा है

इस पूरी चर्चा में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई । जिस पर मुख्य रूप से शहर की संभावना को टटोलने की कोशिश की गई । जिसको लेकर वेद प्रकाश द्वारा बताया गया कि शहर की सबसे बड़ी ताकत यहां के लोगों की सॉफ्ट स्किल है। जिसको लेकर एक विजन डॉक्यूमेंट भी तैयार किया गया था। जिसकी सराहना भी हुई थी और यहाँ संस्कृति के क्षेत्र में अनेक अवसर है । यदि यहां के लोगों के सांस्कृतिक कौशल को तरशा जाएगा तो शहर की एक अलग पहचान बनेगी । जिसके लिए उन्होंने जबलपुर को सिटी ऑफ फेस्टिवल के रूप में विकसित करने की बात कही और यहां का एक फेस्टिवल कैलेंडर तैयार करने को लेकर अपनी बात रखी। जिसके माध्यम से बाहर के लोग यहां अनेक अवसरों पर आ सकें और इस शहर को जी सके है। साथ ही साथ उन्होंने मदन महल की पहाड़ियों डुमना नेचर रिजर्व के विकास के बिंदुओं पर चर्चा की।

**इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के इन सभी चैनलों में देखें प्रसारण**

| | |
|---|---|
| यूसीएन में | 81 |
| डिजियाना में | 91 |
| हैथवे में | 598 |

youtube- yashbharat .co.in

### विचारधारा के चलते भाजपा से जुड़ाव

राजनीतिक बिंदुओं पर पूछे गए सवालों के जवाब में वेद प्रकाश द्वारा स्पष्ट रूप से कहा गया कि वह विचारधारा के कारण भाजपा से जुड़े हैं। जिसके पीछे सबसे बड़ा कारण सनातन धर्म है। वही चुनाव लड़ने के विषय में उन्होंने खुलकर कहा कि यदि पार्टी मुझे इस लायक समझा तो मैं चुनाव लड़ूंगा। लेकिन राजनीति पद के लिए नहीं होती यह तो समाज से जुड़ने का एक माध्यम है, और सेवा करने का एक मार्ग है। इसके अलावा उन्होंने राजनीति के विषय में और भी महत्वपूर्ण बातें कहीं जिन्हें यश भारत न्यूज़ चैनल व यश भारत के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जाकर देखा जा सकता।

# भुसावल-कटनी एक्सप्रेस ट्रेन का अप-डाउन में नंबर चेंज




**कटनी, यशभारत। अगर आप भुसावल कटनी एक्सप्रेस पैसेंजर ट्रेन से यात्रा करने जा रहे हैं तो आपके लिए यह खबर काफी अहम है। रेल विभाग ने कई ट्रेनों के नंबरों में चेंजिंग शुरू की है इसी के तहत रेलवे मुख्यालय ने और जाने वाली अर्थात अप और डाउन भुसावल कटनी एक्सप्रेस ट्रेन का नंबर चेंज कर दिया है। पहले इस ट्रेन का नंबर 11127-28 था, लेकिन इसे बदलकर 19013-14 कर दिया गया है।**

यह परिवर्तन 4 जुलाई से रेलवे ने लागू कर दिया है। इसका आदेश 5 जुलाई को सामने आया। हालांकि रात में चलने वाली भुसावल मेमू एक्सप्रेस का नंबर पूर्व की तरह 11115-16 ही है। केवल दिन की भुसावल कटनी एक्सप्रेस ट्रेन का नंबर बदला गया है। रेलवे सूत्रों के अनुसार संभवतः देशभर में किसी भी ट्रेन का समान नंबर नहीं होना चाहिए। ऐसी व्यवस्था रेलवे द्वारा की जा रही है कि एक ट्रेन का एक ही नंबर हो इसलिए नंबर बदलने की प्रक्रिया की जा रही है। भुसावल कटनी एक्सप्रेस पहले पैसेंजर कहलाती थी, लेकिन कुछ समय पहले रेलवे ने इसे एक्सप्रेस कर दिया था। भुसावल कटनी पैसेंजर के अलावा रेलवे ने अन्य जिलों की कुछ ट्रेनों के नंबर में भी परिवर्तन किया है।

### स्टेशन अधीक्षकों को दिए निर्देश

इसे लेकर सभी मंडल के स्टेशन अधीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं। साथ ही नारी परिवर्तन किए जाने का आदेश भेजा गया है। अब इसी नंबर के आधार पर ट्रेन संचालन की जानकारी दी गई है। वेयर इज माय ट्रेन सहित रेलवे के अन्य ट्रेनों की पोजिशन बताने वाले एप्प में दोपहर में आने जाने वाली पैसेंजर का यही नंबर नजर आएगा। कटनी जबलपुर के बीच छोटे स्टेशनों के लिए यात्रा की यह बेहद महत्वपूर्ण ट्रेन हैं जिसका स्टापेज सभी स्टेशनों में रहता है। रोज आने जाने वाले यात्रियों के लिए यह बेहद जरूरी रेलगाड़ी है।




# प्लास्टिक बैग फ्री दिवस पर एनसीसी कैडेट ने किया कागज के बैग का वितरण

**कटनी, यशभारत।** 5 जुलाई 2023 को शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी डॉक्टर साधना जैन की उपस्थिति में विश्व प्लास्टिक बैग फ्री दिवस के अवसर पर एनसीसी कैडेट के द्वारा स्लोगन पोस्टर कागज के बैग तैयार कर महाविद्यालय से थाना तिराहा तक रैली निकाली गई। रास्ते में पड़ने वाले छोटी-छोटी दुकानों में छात्राओं के द्वारा पेपर बैग का वितरण किया गया तथा लोगों को प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करने हेतु जागरूक किया गया क्योंकि प्लास्टिक हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। महाविद्यालय में यह कार्यक्रम एनसीसी केयरटेकर सोनिया कश्यप ,रिचा पांडे ,श्रद्धा वर्मा, पूनम बाजपेई ,वंदना चौहान, भीम वर्मन ,संजय कांत भारद्वाज , प्रेम लाल , कृष्ण गोपाल की उपस्थिति में सफलतापूर्वक कराया गया।

# तौल पर्ची के एवज में किसान से रिश्वत मांगने वाले सेल्समैन को चार वर्ष का सश्रम कारावास

### विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) की न्यायालय ने सुनाई सजा

**कटनी, यशभारत।** विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) की न्यायालय ने सन 2015 में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के दौरान एक किसान से गेहूं की तौल पर्ची देने के एवज में 4 हजार रूपए की रिश्वत मांगने वाले हीरापुर कौड़िया वृहताकार कृषि साख सहकारी समिति के तत्कालीन सेल्समैन ग्राम हीरापुर कौड़िया निवासी 54 वर्षीय शेषधर पिता लक्ष्मण प्रसाद बड़गैया भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की अलग-अलग धाराओं में 4-4 वर्ष के सश्रम कारावास व 5-5 हजार रूपए के अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार ग्राम हीरापुर कौड़िया निवासी आवेदक किसान सतेन्द्र कुमार पटेल ने 23 मई 2015 को पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त कार्यालय जबलपुर में उपस्थित होकर एक आवेदन पत्र इस आशय का प्रस्तुत किया कि उसके पिता गोविन्द पटेल की खेती ग्राम हीरापुर कौडिया में है। जिस पर इस बार गेंहू की फसल हुई है। वह उपार्जित गेहूं लेकर ग्राम हीरापुर कौडिया सहकारी समिति गया था। जहां 7 मई 2015 को उसका गेहूं तौला गया था, जो लगभग 73 क्विंटल निकला। इसके बावजूद उसका तुला हुआ गेहूं रजिस्टर में भी नहीं चढाया गया और उसे तौल पर्ची भी नहीं दी गई। तौल पर्ची देने के एवज में खरीदी केन्द्र प्रभारी शेषधर बडगैया ने उससे 4 हजार रूपये की रिश्वत मांग कर रहा है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए लोकायुक्त की टीम ने आवेदक किसान को रिश्वत मांग संबंधी वार्ता टेप करके लाने हेतु वाईस रिकार्डर दिया गया। आवेदक के साथ आरक्षक रामजी सिंह को भी रवाना किया गया। 24 मई 2015 को आवेदक ने शाम को सूचित किया कि उसने हीरापुर कौडिया जाकर अभियुक्त से रिश्वत के लेनदेन संबंधी वार्ता टेप कर ली है और साथ ही अभियुक्त को 2 हजार रूपए दे दिये हैं। बाकी बचे हुये 2 हजार रूपये 25 मई 2015 को देना तय हुआ है।



### कैलकुलेटर के माध्यम से मांगी रिश्वत

किसान ने लोकायुक्त को यह भी बताया कि अभियुक्त कैलकुलेटर से या इशारे से रिश्वत की मांग करता है एवं हाथ के इशारे से चुप कराता है। आवेदक की परीक्षा होना बताते हुये जबलपुर आने में असमर्थता जाहिर की गई और लोकायुक्त वालों को कटनी आने के लिये कहा, इसके पश्चात ट्रेप दल का गठन किया गया एवं पंचसाक्षीगणों को आहूत करने संबंधी पत्र लेख किया गया।

### रिश्वत लेते ही हाथ हुए लाल

अभियोजन पक्ष के मुताबिक 25 मई 2015 को दोहपर 1 बजे शासकीय वाहन से समस्त ट्रेप दल मय पंचसाक्षियों के विशेष पुलिस स्थापना कार्यालय से रवाना होकर लगभग 3 बजे एमपीईबी रेस्ट हाऊस कटनी पहुंचे। जहां आवेदक व पंचसाक्षीगण उपस्थित मिले, परस्पर एक-दूसरे से परिचय कराया गया। आवेदक ने शिकायत द्वितीय आवेदन पत्र प्रस्तुत एवं वाईस रिकार्डर वापस किया। वार्ता में रिश्वत की मांग संबंधी तथ्यों की पुष्टि होने पर ट्रांसक्रिप्ट तैयार की गई। इसके बाद अपराध क्रमांक 0/2015 धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया एवं अभियुक्त को 2 हजार रूपये की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों पकड़ा गया। रिश्वत की राशि पंचसाक्षी चंदन सिंह के द्वारा अभियुक्त से बरामद की गई। अभियुक्त के दोनों हाथों की उंगलियों को सोडियम कार्बोनेट के जलीय घोल में डुबोकर धुलाने पर घोल का रंग गुलाबी हो गया था।

### दोषसिद्ध होने पर सुनाई सजा

मीडिया सेल प्रभारी श्री सुरेन्द्र कुमार गर्ग द्वारा बताया गया कि थाना विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त जिला जबलपुर के अपराध क्रमांक 211/2015 विशेष प्रकरण लोकायुक्त 02/2018 में आरोपी शेषधर बडगैया पिता लक्ष्मशण प्रसाद बडगैया सेल्समैन, वृहताकार कुषि साख सहकारी समिति मर्यादित कौडिया (हीरापुर) जिला कटनी को वैध पारिश्रमिक से भिन्नन पारितोषण की धनराशि आवेदक सतेन्द्र क्ह मार पटेल से उसके गेहूं की तौल पर्ची देने के नाम पर रिश्वत लेने के आरोप में धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम एवं धारा 13(1)(घ) सहपठित धारा 13(2) भ्रष्टाटचार निवारण अधिनियम 1988 में दोषी पाते हुये विशेष न्यायिाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) कटनी द्वारा निर्णय में आरोपी शेषधर बडगैया को धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम एवं धारा 13(1)(घ) सहपठित धारा 13(2) भ्रष्टीचार निवारण अधिनियम 1988 में 04-04 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5000-5000 रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। प्रकरण में सशक्त पैरवी सहायक जिला अभियोजन धर्मेन्द्र कुमार तिवारी द्वारा की गई।

# जिला सत्र न्यायालय परिसर में गुरु तुल्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं का कनिष्ठ वकीलों ने किया सम्मान

**कटनी, यशभारत ।** श्रावन माह के आगमन पर प्राकृतिक छटा बिखेरते हुए अपनी वसुंधरा को हरा-भरा बनाये रखने हेतु जिला सत्र न्यायालय परिसर में गुरु तुल्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं का आत्मीय भव्य स्वागत सम्मान समारोह आयोजित कार्यक्रम समाजसेवी व अधिवक्ता श्रीमती रेखा अंजू तिवारी द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सीनियर अधिवक्ताओं बुद्धिजीवियों एवं प्रबुद्धजनों का आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन सदैव यूं ही मुस्कुराते हुए हम सब के जीवन में हमेशा मिलता रहें इसी उद्देश्य को लेकर किया गया। इस पुनीत अवसर पर विशेष वरिष्ठ गुरु तुल्य अधिवक्ताओं का आत्मीय भव्य स्वागत सम्मान समारोह में वरिष्ठ अधिवक्ता ओ पी निगम, अधिवक्ता डी आर रजक, अधिवक्ता एम एल तिवारी, अधिवक्ता रामजी तिवारी, अधिवक्ता आर एस निगम, अधिवक्ता एस एम उरमलिया सहित अधिवक्ता राजकुमार बक्शी एवं अधिवक्ता संतु परौहा द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। उक्त कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों का स्वागत, वंदन, अभिनंदन अधिवक्ता ी गुड़िया धनवंतरी एवं मानव अधिकार संस्था प्रदेशाध्यक्ष सरस्वती सोनी द्वारा रोली तिलक व पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। अधिवक्ता श्रीमती रेखा अंजू तिवारी द्वारा गुरू तुल्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं का आत्मीय भव्य सम्मान श्रीफल व कलम भेंट कर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर अधिवक्ता आशा विश्वकर्मा, अंजूलता परौहा, शिखा पांडे का विशेष था। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता महमूद खान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मचांसीन अतिथियों ने अपने ओजस्वी विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि श्रीमती तिवारी द्वारा लगातार किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यो की से हमें बेहद खुशी हुई कि आज़ हमारी-आपकी प्रकृति वसुंधरा को हरा-भरा बनाये रखने एवं श्रावण मास के प्रारंभ में पहला ऐसा कार्यक्रम हमारे जिला न्यायालय परिसर में आयोजित किया गया ऐसे आयोजन हमेशा होते रहे और हमारा आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन सदैव यूं ही अधिवक्ता रेखा अंजू तिवारी एवं समस्त अधिवक्ताओं को सहृदय मिलता रहेगा। इस कार्यक्रम मेंअधिवक्ता विष्णु पटेल, अधिवक्ता ओ पी शर्मा, अधिवक्ता सतेन्द्र शुक्ला, अधिवक्ता संजय वैश्य, अधिवक्ता शैलेन्द्र जैन सहित जिला मीडिया प्रभारी आशीष चौधरी एवं अमन राजपाल द्वारा भव्यता और सहयोग प्रदान किया गया।



# नई बस्ती क्षेत्र में सीवर ने बर्बाद कर दी रोड

**कटनी, यशभारत।** नई बस्ती क्षेत्र में अगर आप जा रहे हैं तो वासहन संभल कर चलाईए क्योंकि कीाी भी आपका वाहन किसी भी गड्डे या फिर उखड़ी सड़क से आपको हादसे का शिकार बना सकता है। शहर में ड्रेनेज सिस्टम, पेयजल सप्लाई, सीवर लाइन के पानी की ट्रीटमेंट करने के लिए अमृत योजना के तहत फरवरी 2017 में सीवर लाइन का काम शुरू किया गया। 2018 में कार्य ने गति पकड़ी और सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को 2019 में पूरा किया जाना था। इसका ठेका हरियाणा की कंपनी केके स्पन को दिया गया, जिसने योजना को पलीता लगाया। नगर निगम ने इस कंपनी को हटाते हुए गुजराज की जयंती सुपर को ठेका दिया गया है। जयंतीसुपर के द्वारा अधूरे पड़े कार्य को पूरा किया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में मनमानी की जा रही है। सीवर लाइन डालने के बाद सड़क को पुराने जैसे बनाकर देना है, लेकिन जहां पर ठेकेदार ने लाइन डाली है उसे या तो खुला छोड़ दिया गया है या फिर मलबे तक को समतल नहीं कराया गया। बारिश के बाद शहर सहित उपनगरीय क्षेत्र में दलदल की स्थिति बन गई है। माधवनगर, भट्टा मोहल्ला, नई बस्ती, अधारकाप आदि क्षेत्र में लोगों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नई बस्ती डा. माली गली जहां पर सीवर लाइन पड़ी है वहां कि नाकरीय स्थिति हो गई है। पूरा मार्ग उखड़ गया बीते साल की यहां पर सीसी रोड बनी थी अब यह पूरी तरह से बर्बाद हो चुकी है। लोगों को आवागमन करने में परेशानी हो रही है। लोग वाहन से स्लिप होकर गिर रहे हैं। नियम के अनुसार लाइन डालने के बाद वैसे ही सड़क बनाकर देनी है। धंस रही सड़कें जहां पर पहले लाइन पड़ चुकी है वहां पर सड़कें धंस भी रहीं है। गुणवत्ताहीन निर्माण के कारण ऐसी स्थिति बन रही है। उल्लेखनीय है कि शहर में 144 किलोमीटर की सीवर लाइन डलना शेष है, जिसका काम ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है।





## कार्यालय थाना प्रभारी थाना रीठी जिला कटनी (म.प्र.)

क्रमांक/रीठी/कटनी/री./1193/2023 कटनी दिनांक- 05/07/2023

### आम इश्तहार सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि पुलिस थाना रीठी जिलामे धारा 25 पुलिस एक्ट मे जप्तशुदा अधोलिखित कुल 07 नग दो पहिया वाहन जर्जर स्थिति मे अधिकांश कण्डम व कबाड की हालत मे पुलिस थाना रीठी जिला कटनी के परिसर मे मे रखे हुये है।अधोलिखित जप्तशुदा वाहनो के स्वामित्व धारकों/दावेदारो को आम इश्तहार के जरिये सूचित किया जाता हो कि इश्तहार प्रकाशन के एक सप्ताह के भीतर दिनाँक 07/07/2023 के पूर्व थाना रीठी जिला कटनी मे यदि जप्त वाहनो मे वे दावेदारी करते है तो वाहन के मूल दस्तावेज सहित उपस्थित होकर अपना स्वामित्व प्रस्तुत करे। नीयत दिनाँक तक उपस्थित नही होनेकी दशा के बाद जप्तशुदा वाहनो की नीलामी की कार्यवाही कर दी जावेगी।जिसके बाद पेश की गई दावेदारी पर कोई विचार नही किया जावेगा। जप्तशुदा वाहन का ब्यौरा पुलिस की अधिकारिक वेबसाईट www.mppolice.gov.in के इस URL पर http//www mppolice.gov.in/en/general-advertisement notice for theowners/claimants of seized vehicles katni पर उपलब्ध है। जप्तशुदा वाहनो की सूची निम्नॉकित है।

| क्र. | रजि0नं. | मॉडल | चैचिस नम्बर | इंजन नम्बर | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | MP20-KE-7306 | T.V.S STAR | 62541691H18483 | घिसा हुआ अपठनीय | इश्त. क्र. 01/23 धारा 25 पुलिस एक्ट |
| 2 | बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर | HERO HONDA BLACK | Q4C27F23487 | घिसा हुआ अपठनीय | इश्त. क्र. 01/23 धारा 25 पुलिस एक्ट |
| 3. | MP20-P-4993 | SUZUKI | 1509F951878 | घिसा हुआ अपठनीय | इश्त. क्र. 01/23 धारा 25 पुलिस एक्ट |
| 4 | MP20-KM-5782 | BAJAJ DISCOVER | DSVBCJ59540 | घिसा हुआ अपठनीय | इश्त. क्र. 01/23 धारा 25 पुलिस एक्ट |
| 5 | MP51-MB-1292 | HERO HONDA SPLENDER | MBLHA1QEKA9A | घिसा हुआ अपठनीय | इश्त. क्र. 01/23 धारा 25 पुलिस एक्ट |
| 6. | UP-94-DQ-9905 | HONDA SILWAR COLOUR | MBLHA11AT49J44666 | घिसा हुआ अपठनीय | इश्त. क्र. 02/23 धारा 25 पुलिस एक्ट |
| 7. | बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर | HERO HONDA BLACK | 02C20F02145 | 02C18F1478 | इश्त. क्र. 02/23 धारा 25 पुलिस एक्ट |

थाना प्रभारी थाना रीठी जिला कटनी

यश भारत

# सिटी न्यूज

आप तक आपका प्रिय अखबार यश भारत नहीं पहुंच रहा हो तो हमें शीघ्र सूचित करें
फोन- 230033, मो. 9425362893, 8839684296
कार्यालय:- कचहरी चौक, कटनी

कटनी, गुरूवार, 06 जुलाई 2023

## सड़क नहीं बनने से गुस्साए लोगों ने घेरा नगर निगम

### बालाजी नगर का विकास नहीं होने पर दिया धरना, नारेबाजी करते हुए किया विरोध प्रदर्शन

**कटनी, यशभारत।** नगर निगम प्रशासन शहर में विकास के कितने भी वायदे कर ले लेकिन हकीकत किसी से छिपी नहीं है। खासकर अवैध कॉलोनियों में तो विकास के रत्ती भर काम नहीं हुए। नगर निगम सीमा के अंतर्गत आने और टैक्स के रूप में लाखों रूपए देने के बाद भी नगर निगम प्रशासन का ध्यान इन कॉलोनियों में विकास कार्यों की तरफ नहीं है। यही कारण है कि परेशान बालाजी नगर के लोगों ने कल बुधवार की दोपहर नगर निगम घेर लिया। कार्यालय के अंदर धरना देकर नगर निगम के अधिकारियों से सीधा सवाल किया कि कब तक बनेगी सड़क। अधिकारी भी गोलमोल जबाव देते रहे और लोगों को आशवासन का झुनझुना पकड़ाकर किसी तरह विरोध प्रदर्शन समाप्त करवाया।





अवैध कॉलोनियों को वैध किए जाने की प्रक्रिया सालों से चल रही हैं। मुख्यमंत्री भी कईयों बार कॉलोनियों को वैध किए जाने की बात कह चुके हैं। कॉलोनियां वैध होने के बाद भी जब विकास कार्य न हों, तो लोगों का आक्रोशित होना स्वाभाविक भी है। बुधवार को भी कुछ ऐसा ही हुआ। इंदिरा गांधी वार्ड के अंतर्गत बालाजी नगर के नागरिकों ने मूलभूत सुविधाओं से परेशान होकर नगर निगम कार्यालय का घेराव कर दिया। लोगों ने दो घंटे से अधिक समय तक कार्यालय का मुख्य मार्ग बंद रखा और इस दौरान जनप्रतिनिधियों, नगर निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। स्थानीय नागरिक संजय कुमार दुबे, बसंत गौतम, आशीष बरसैंया, संचित अग्रवाल, संतराम विश्वकर्मा, रंजीत चौबे, रूपेश पहारिया ने कहा कि बालाजी नगर के लोग पिछले कई सालों से कई तरह की परेशानियों से जूझ रहे हैं। पुरवार हाइस्कूल होने के बाद भी नगर निगम द्वारा सड़क का निर्माण नहीं कराया गया है। सिर्फ आश्वासन ही दिया जा रहा है। सड़क पूरी तरह से दलदल में तब्दील हो गई है। बारिश के मौसम में समस्या बढ़ गई है। बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे। लोगों का आवागमन दूभर हो रहा है। इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि वार्ड के पार्षद, महापौर और विधायक को भी समस्या से कोई सरोकार नहीं है। इसके अलावा क्षेत्र में लो वोल्टेज की सबसे अधिक समस्या है। ट्रांसफार्मर नहीं बढ़ाए जाने से लोगों को गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि डब्ल्यूबीएम सड़क स्वीकृत होने के बाद भी सड़क का निर्माण नहीं कराया जा रहा है। इस दौरान प्रदर्शनकारी इस बात पर अड़े रहे कि जब तक नगर निगम के अधिकारी लिखित आश्वासन नहीं देंगे, तब तक प्रदर्शन नहीं बंद किया जाएगा। बताया जाता है कि प्रदर्शन की खबर मिलने के बाद आयुक्त ज्ञापन लेने पहुंचे थे लेकिन नारेबाजी और हंगामा होता देख वापस चले गए। आधे घंटे बाद उपायुक्त पी के अहिरवार, प्रभारी कार्यपालन यंत्री राहुल जाखड़, सहायक राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक ने समस्या सुनी और समाधान का आश्वासन दिया, तब जाकर प्रदर्शनकारी माने।

**12 सालों में नहीं बनी सड़क, बारिश में आवागमन दूभर, स्कूल नहीं जा पा रहे बच्चे**



## दयोदय पशु सेवा केन्द्र पहुंचे कलेक्टर, सेवाओं को सराहा

**कटनी, यशभारत।** कैलवारा में संचालित दयोदय पशु सेवा केंद्र गौशाला का बुधवार को कलेक्टर अवि प्रसाद ने निरीक्षण किया। भ्रमण करते हुए कलेक्टर ने गौशाला की सेवाओं की सराहना की। इस दौरान कलेक्टर ने लम्पी स्किन डिसीज टीकाकरण कार्य का भी जायजा लिया। कलेक्टर ने यहां पशु शेड, भूंसा गोडाउन, बायोगैस संयंत्र एवं कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा गौ संवर्धन बोर्ड भोपाल के माध्यम से प्रदाय स्ट्रा रीपर का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने लम्पी वायरस से पशुओं के बचाव के लिए किए जा रहे कार्यों हेतु निर्देश दिए। पशु पालन एवं डेयरी विभाग के उपसंचालक आर के सिंह ने बताया कि अब तक 1669 लम्पी स्किन डिसीज का टीकाकरण किया जा चुका है। गौशाला में 270 पशुओं में लम्पी स्किन डिसीज का टीकाकरण किया गया है। इस अवसर पर दयोदय महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमचंद जैन प्रेमी, गौशाला के अध्यक्ष साकेत जैन, उपाध्यक्ष प्रमोद जैन, दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष संजय जैन, पूर्व मंत्री मगन जैन, कोषाध्यक्ष अर्पित जैन, मिट्ठूलाल जैन, अनिल जैन, सोशल ग्रुप रॉयल के अध्यक्ष अंकित जैन, शुभम जैन, डॉ आर के सिंह, डॉ आर के सोनी, सहायक शल्यज्ञ डॉ रवि कटारिया, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी राकेश कुशवाहा, अतुल भुजिया, वीरेन्द्र सिंह, ओमप्रकाश सोनी की मौजूदगी रही।

**लम्पी वायरस से पशुओं के बचाव के लिए किए जा रहे कार्यों का लिया जायजा**



## गुरु पूर्णिमा पर रामचरितमानस का पाठ

**विजयराघवगढ़, यशभारत।** गुरु कोई व्यक्ति नहीं, कोई शरीर नहीं, गुरु एक तत्व है, एक शक्ति है। गुरु यदि शरीर होता, तो इस छोटी सी दुनिया में एक ही गुरु पर्याप्त होता। गुरु एक भाव है। गुरु श्रद्धा है। गुरु समर्पण है। हमारा गुरु हमारे व्यक्तित्व का परिचायक है। यह आप की दृष्टि एवं मनोभाव पर निर्भर करता है। गुरु प्रार्थना से मिलता है। गुरु समर्पण से मिलता है। गुरु दृष्टा भाव से मिलता है। गुरु किस्मत से मिलता है और गुरु किस्मत वालों को मिलता है। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर रजरवारा नंबर 1 में बागेश्वर धाम के अधिपति धीरेंद्र शास्त्री का चित्र रखकर गुरु भाव रखते हुए भक्तों ने एकत्र होकर वेद विधि के अनुसार धूप, दीप, नैवेद्य से शोडशोपचार पूजन कर केक काटकर सुंदर कांड व रामचरितमानस का पाठ, हवन महाआरती व भंडारे का प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर रजनीश सिंह चौहान, काशी प्रसाद, जयवंत सिंह चौहान, अमन सिंह, विश्वा, सत्यम, विकास, धनीराम, दिनेश कुमार, शिवम तिवारी, सुशील तिवारी, रज्जू सिंह, संजय द्विवेदी, रामलखन, रामदीन, नारायण प्रसाद, भोला चौधरी, बिहारी गुप्ता की उपस्थिति रही।

## सीधी की घटना के विरोध में बुल्डोजर लेकर युवा कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**कटनी, यशभारत।** भाजपा के सीधी विधायक केदार शुक्ला के विधायक प्रतिनिधि प्रवेश शुक्ला द्वारा आदिवासी युवक पर पेशाब करने जैसे आपत्तिजनक कृत्य के विरोध में जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष दिव्यांशु अंशू मिश्रा के नेतृत्व में युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई द्वारा कचहरी चौक में बुलडोजर से पहुंचकर विधायक प्रतिनिधि के घर बुल्डोजर से कार्यवाही की मांग करते हुए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री सिंह चौहान का पुतला दहन करने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने कार्यकर्ताओं से पुतला छीनकर बलपूर्वक वाटर चार्ज करते हुए कार्यकर्ताओं को छितर बितर कर दिया। अंशू मिश्रा ने बताया की प्रदेश भाजपा का जंगलराज आ चुका है, इनके कार्यकर्ता लगातार आपत्तिजनक कृत्य कर रहे हैं। शहर कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम खम्परिया, ग्रामीण अध्यक्ष करण सिंह चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष कमल पांडेय ने भी संबोधित करते हुए भाजपा कार्यकर्ता को संरक्षण देने वाली भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर हल्ला बोला। प्रदेश में जल्द भाजपा का जंगलराज ख़त्म होगा एवं कांग्रेस की सरकार बनेगी। एनएसयूआई अध्यक्ष शुभम मिश्रा ने कहा कि प्रदेश सरकार के संरक्षण में अपराधी फल फूल रहे हैं। भाजपा द्वेषपूर्ण बुलडोजर कार्यवाही करती है, जबकि बुलडोज़र कार्यवाही होने लायक अपराधी नेता भाजपा में सबसे अधिक है। इसके खिलाफ लगातार सड़को पर लड़ाई लड़ी जाएगी।



पुलिस ने छीना पुतला, वाटर कैनन का प्रयोग

### इनकी रही उपस्थिति

प्रदर्शन के दौरान कार्यवाहक अध्यक्ष राजा जगवानी, विजय पटेल, जहांआरा बेगम, ईश्वर बहरानी, राहुल पटेरिया, आनंद पटेल, मोहम्मद इसराइल, आदित्य कटारे, शुभम शर्मा, मनोज गुप्ता, अभिषेक गौतम, सचिन गर्ग, शशांक गुप्ता, विनीत जायसवाल, चोखेभाई, माधुरी जैन, पंकज गौतम, श्रेहा खंडेलवाल, प्रशांत जायसवाल, सौम्या रांधेलिया, मोहम्मद सहीद, राजेश जाटव, विपिन दुबे, सतवीर सिंह भाटिया, हरीश यादव, अनुराग दाहिया, रोहित भोजवानी, संजय गोरा, रमेश अहिरवार, संदीप हाड़ा, आशीष चतुर्वेदी, अनूप बाला, आशीष पाली, छोटू खटीक, विवेक श्रीवास्तव, गोलू कोष्ठा, राजीव पटेल, आशीष भूमिया, निवेदिता द्विवेदी, दीपक केशरवानी, कमलेश सेन, सुरेंद्र राणा, आशुतोष दुबे, शुभम अहिरवार, शरद सिंह, विकास तिवारी, प्रियांशु तिवारी, प्रमोद मिश्रा, सागर मिश्रा, राजभान महोबिया आदि उपस्थित रहे।

## जगदीश वलेचा बने चार्टेड

**कटनी, यशभारत।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अककॉउंट ऑफ इंडिया आईसीएआई द्वारा सीए फाइनल एग्जाम मई 23 के घोषित परीक्षा परिणामों में माधवनगर के प्रतिष्ठित वलेचा परिवार के होनहार सुपुत्र जगदीश वलेचा ने सभी विषयों पर विशेष योग्यता हांसिल कर उक्त परीक्षा सीए एग्जाम में सफलतापूर्वक चयनित होकर चार्टर्ड अककॉउंट बनकर शहर का गौरव बढ़ाया। सीए जगदीश वलेचा पत्रकार विष्णु वलेचा एवं गृहिणी लक्ष्मी वलेचा के सुपुत्र है। जगदीश की इस उपलब्धि पर परिवारजनों सहित वित्तीय सलाहकारों सहित इष्ट मित्रों ने शुभकामनाएं बधाई प्रेषित कर हर्ष व्यक्त किया है।





## आनंद क्लब में हर महीने 10 नए आनंदक बनाने का लक्ष्य

### शरद सोनी और विनीत सोंधिया को महासचिव की जिम्मेदारी

**कटनी, यशभारत।** आनंदम केंद्र, सौगात घर सभागार में मास्टर ट्रेनर, आनंदम सहयोगी, आनंदको एवं कटनी आनंद क्लब की बैठक का आयोजन जिला प्रोग्राम लीडर की अध्यक्षता में किया गया। मीटिंग में राज्य आनंद संस्थान की अवधारणा को जनमानस तक कैसे पहुंचाया जाए, उस पर चर्चा व रूपरेखा तय की गई। बैठक में तय किया गया कि प्रत्येक मास्टर ट्रेनर एवं आनंदम सहयोगी माह में कम से कम 10 नए आनंदक बनाएं। मास्टर ट्रेनर्स स्मृति करपते को आनंद ग्राम को कैसे सुव्यवस्थित किया जाए, इस विषय पर प्रयास करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में कटनी आनंद क्लब के विनीत सोंधिया एवं शरद सोनी को आनंद क्लब में महासचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि चित्रा प्रभात वरिष्ठ प्राध्यापक तिलक कॉलेज, विशिष्ट अतिथि डॉ. आर के अठ्या व समस्त सदस्यों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाए दीं। बैठक में मास्टर ट्रेनर अनिल कांबले, मनीषा कांबले, प्रदीप पांडे, रश्मि खरे, स्मृति करपते, आनंदम सहयोगी मनमोहन बैरागी, विवेक तिवारी, रामजी प्यासी, शरद सोनी, विनीत सोंधिया, अजीत साहू, मेहरून्निसा अंसारी, अमित गौतम, प्रमोद सोनी, मुकुंद गुप्ता की उपस्थिति रही।

### भारी वाहनों की ठोकर से मूक पशु घायल

**विजयराघवगढ़, यशभारत।** विगढ़ मुख्य मार्ग पर भारी वाहन चालकों की लापरवाही मूक पशुओं पर भारी पड़ रही है। विगत दिवस अंधा मोड़ के पास तेज रफ्तार से भाग भारी वाहन सड़क किनारे बैठे मूक प्राणियों के पैरों को कुचलते हुए निकल गए। इससे कई मूक पशु घायल हो गए। पुलिस एवं प्रशासन द्वारा भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। क्षेत्र के लोगों ने वाहन चालकों पर कार्यवाही का मांग की है।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग**
**परियोजना खण्ड कटनी**

E_mail :- mp.eephedkat@gmail.com Phone no. 07622-225752

क्रमांक 2767 / का0यं0 / निप्रको. / लो0स्वा0यां0परि0खण्ड / 2023 कटनी, दिनांक 04.07.2023

**निविदा आमंत्रण सूचना**
**क्रमांक 67–70 / 23–24**

ई–टेण्डरिंग पद्वति से पोर्टल http://www.mptender.gov.in पर जिले के बहोरीबंद विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग व नवीन नलजल योजना के कार्य, आर.सी.सी.ओवर हैड टैंक निर्माण, सी.सी. सम्पवेल निर्माण मोटर पंप स्थापना, पंप हाउस/सम्पवेल निर्माण, पाईप लाईन बिछाने का कार्य, घर घर कनेक्शन, अन्य कार्य एवं योजना का 90 दिन ट्रायलरन सफल संचालन–संधारण के कार्य हेतु निम्नानुसार निविदा म.प्र. लोक निर्माण विभाग में नवीन पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत फर्मो से आमंत्रित है।

| निविदा क्रमांक | सिस्टम निविदा कं. | विकासखंड | ग्राम की संख्या | निविदा लागत लाख में | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण करने की समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 67/23-24 | 2023_PHED_289151 | BAHORIBAND | 06 | 459.85 | 459850 | 15000 | 8 माह |
| 68/23-24 | 2023_PHED_289152 | BAHORIBAND | 06 | 373.33 | 373330 | 15000 | 8 माह |
| 69/23-24 | 2023_PHED_289153 | BAHORIBAND | 05 | 237.47 | 237470 | 15000 | 9 माह |
| 70/23-24 | 2023_PHED_289155 | DHEEMARKHEDA | 03 | 150.27 | 150270 | 12500 | 6 माह |

ऑन लाईन निविदा क्य एवं बिड की अंतिम तिथी – 21.07.2023 18.00 बजे
ऑन लाईन निविदा दर खोलने की तिथी – 24.07.2023 12.00 बजे

निविदा फार्म ऊपर दर्शित बेबसाईट पर (Online System) केडिट कार्ड या ऑनलाईन भुगतान कर क्य किये जा सकते है। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई बेबसाईट पर देखे।

G-16099/23

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

कार्यपालन यत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
परियोजना खण्ड कटनी
फोन नं.–07622–225752


## सीधी जिले की घटना की आम आदमी पार्टी ने की कड़ी निंदा

**कटनी, यशभारत।** आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष सुनील मिश्रा ने विगत दिवस भाजपा नेता द्वारा शर्मनाक घटना पर अफसोस जताते हुए कड़ा विरोध व्यक्त करते हुए कहा कि सीधी में आदिवासी युवक पर भाजपा नेता और विधायक केदारनाथ शुक्ला के प्रतिनिधि द्वारा शराब के नशे में पेशाब करने का मामला बेहद आपत्तिजनक और शर्मनाक है। सीधी में ये मामला साबित करता है कि प्रदेश में भाजपा के नेता सत्ता के मद में इतने चूर हैं कि इंसान को इंसान नहीं समझ रहे। भाजपा के लोग आदिवासी, दलितों को किसी कचरे का ढेर समझते हैं और उनके ऊपर पेशाब करते हैं। जब मामला तूल पकड़ा तो विधायक और भाजपा ने सरासर झूठ बोलकर पल्ला झाड़ने की कोशिश की। मगर भाजपा शायद भूल गई कि कितनी भी कोशिश कर लो, सच छुपाया नहीं जा सकता। विधायक ने कहा कि ये विधायक प्रतिनिधि नहीं है। भाजपा ने कह दिया ये भाजपा नेता नही हैं। कुछ टाइम बाद ही सोशल मीडिया पर वो लिस्ट वायरल होने लगी, जिसमे आरोपी प्रवेश शुक्ला को कुचवाई मंडल का भाजपा युवा मोर्चा का उपाध्यक्ष बनाया गया था। पोस्टर भी वायरल हो गए, जिसमें लिखा था कि आरोपी विधायक प्रतिनिधि है। आरोपी के पिता कह रहे हैं कि वो विधायक प्रतिनिधि है लेकिन विधायक क्यों मना कर रहे हैं।समझ नही आ रहा है। श्री मिश्रा ने कहा की ये घटना साबित करती है कि भाजपा आदिवासी विरोधी पार्टी है।






### लक्ष्मीबाई बर्मन का निधन

**कटनी, यशभारत।** हीरागंज निवासी प्रतिष्ठित नागरिक स्व. शंभूलाल बर्मन की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मीबाई बर्मन का विगत 3 जुलाई का निधन हो गया। उनके निधन पर माझी समाज जिला कटनी ने गहन शोक व्यक्त किया है।




**किराए से देना है**

एक रूम 12 बाय 15 अटैच 3000/- प्रति व्यक्ति, एक हॉल 22 बाय 50 कार्यालय, दुकान एवं गोदाम के किराए से देना है।

संपर्क-8109417340


### सूचना

मैं मोहम्मद शफीक मंसूरी वल्द श्री मोहम्मद रफीक मंसूरी, उम्र लग. 46 वर्ष, निवासी-मकान नं.148/16, डॉ. अली क्लीनिक के पास, नया गांव एन.के.जे., मुड़वारा जिला कटनी (म.प्र.) यह शपथपूर्वक घोषणा करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूं। मेरी पुत्री ईशबा अंजुम मंसूरी के आधार कार्ड एवं उसके स्कूल रिकार्ड/कक्षा आठवीं की मार्कशीट में उसका नाम ईशवाह अंजुम मंसूरी (ISHWAAH ANJUM MANSURI) दर्ज है तथा उसके जन्म प्रमाण पत्र में ईशवाह दर्ज है जो कि त्रुटिवश गलत दर्ज हो गया है। मेरी पुत्री का सही नाम ईशबा अंजुम मंसूरी (ISHBA ANJUM MANSURI) है, जो कि मैं अपनी पुत्री के समस्त दस्तावेजों व स्कूल रिकार्ड में दर्ज करवाना चाहता हूं। उक्त वर्णित तीनों नाम ईशवाह अंजुम मंसूरी (ISHWAAH ANJUM MANSURI) एवं ईशवाह तथा ईशबा अंजुम मंसूरी (ISHBA ANJUM MANSURI) एक ही व्यक्ति अर्थात मेरी पुत्री के नाम हैं। यह कि मैं शपथकर्ता अपनी पुत्री के सभी दस्तावेजों में संशोधन करवाकर अपनी पुत्री का सही नाम ईशबा अंजुम मंसूरी (ISHBA ANJUM MANSURI) दर्ज कराना चाहता हूं, जिस संबंध में यह सूचना प्रकाशित है।


**सिटी मॉल बरही रोड में**



ऑल इंडिया रिलीज

07 जुलाई से रोजाना 3 शो

11.45 AM (AUDI-1)
04.00 PM (AUDI-1)
10.15 PM (AUDI-1)

1920
HORRORS OF THE HEART (HINDI- 2D)

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

**सिटी मॉल बरही रोड में**

ऑल इंडिया रिलीज



07 जुलाई से रोजाना 4 शो

01.00 PM (AUDI-2)
04.00 PM (AUDI-2)
07.00 PM (AUDI-2)
10.00 PM (AUDI-2)


सत्यप्रेम की कथा

कलाकार- कार्तिक आर्यन, कियारा आडवानी, राजपाल यादव आदि।

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

**सिटी मॉल बरही रोड में**



ऑल इंडिया रिलीज

07 जुलाई से रोजाना 3 शो

02.00 PM (AUDI-1)
06.15 PM (AUDI-1)
08.15 PM (AUDI-1)

INSIDIOUS THE RED DOOR (HINDI- 2D)

नोट - 6 जुलाई दिन गुरूवार को 6 शो चलेंगे 12.30, 2.30, 4.30, 6.30, 8.30 एवं रात्रि 10.30 बजे से

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

## मुख्यमंत्री चौहान ने की मध्यप्रदेश के सभी संविदा कर्मचारियों के हित में महत्वपूर्ण घोषणाएँ

# अब संविदा कर्मचारियों के लिए प्रतिवर्ष अनुबंध की प्रक्रिया समाप्त : मुख्यमंत्री चौहान

**भोपाल,यशभारत। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश के भव्य भवन का निर्माण हो रहा है और इसकी नींव के पत्थर संविदा कर्मचारी हैं। इन्होंने नियमित कर्मचारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर और कहीं-कहीं उनसे भी अधिक कार्य किया है। कई अवसर पर जान की बाजी लगाकर दायित्व निभाया और अद्भुत कार्य कर दिखाया। कोविड के दौर में भी संविदा कर्मचारियों ने नागरिकों की जिन्दगी बचाई, जिसे मध्यप्रदेश कभी भुला नहीं पाएगा।**

संविदा कर्मचारियों की क्षमताएँ, सेवाभाव और कार्यकुशलता किसी से कम नहीं है। इस नाते इनके जीवन की अनिश्चितता को समाप्त करना आवश्यक है। यदि आज मध्यप्रदेश नंबर-वन है तो इसके लिये विभागों में कार्य कर रहे संविदा कर्मचारियों ने आगे ब? कर कार्य किया है। ये मध्यप्रदेश के लिए दाएं-बाएं हाथ और दिल की तरह हैं। मुख्यमंत्री चौहान आज लाल परेड मैदान परिसर स्थित नेहरू स्टेडियम में संविदा कर्मचारियों के विशाल सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री चौहान की प्रमुख घोषणाएँ
-संविदा कर्मचारियों की सेवाओं के लिए प्रतिवर्ष अनुबंध की प्रक्रिया समाप्त होगी।- संविदा कर्मचारियों को समय-सीमा में नेशनल पेंशन स्कीम का लाभ दिया जाएगा। - संविदा कर्मचारियों को वेतन/मानदेय में पूर्व में निर्धारित 90 प्रतिशत के स्थान पर शत-प्रतिशत राशि प्रदान की जाएगी। - संविदा कर्मचारियों को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए आवश्यक गणना संबंधी कार्यवाही शीघ्र की जाएगी।क संविदा कर्मचारियों को अनुकंपा नियुक्ति का लाभ भी मिलेगा।क संविदा कर्मचारियों को रिटायरमेंट पर ग्रेच्युटी की व्यवस्था की जाएगी। विभागों में नियमित पदों पर भर्ती में 50त्न पदों पर संविदा कर्मचारियों को आरक्षण रहेगा।क संविदा कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों की तरह अवकाश के साथ मातृत्व अवकाश भी प्रदान किया जाएगा।क संविदा कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों की तरह आकस्मिक, अर्जित और ऐच्छिक अवकाश मिलेंगे।कुछ कारणों से संविदा कर्मचारियों के काटे गए वेतन की राशि वापस की जाएगी। कोई केस नहीं चलेगा। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि संविदा कर्मचारियों ने प्रदेश के विकास में अद्भुत कार्य कर दिखाया है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन की शुरूआत संविदा कर्मचारियों की प्रशंसा में इस उक्ति से की - जिनके काम में है दम-जो नहीं है किसी से कम - ऐसे लाखों संविदा कर्मचारियों पर हम करते हैं गर्व। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि संविदा कर्मचारियों के चेहरे की मुस्कुराहट देखकर उनकी जिन्दगी सार्थक हो गई है। पहले सरकार और कर्मचारी संघ के बीच संघर्ष होता रहता था। अब सरकार के मंत्री, संविदा कर्मचारियों का स्वागत करने आए हैं। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि चाहे स्वास्थ्य विभाग के फार्मासिस्ट हों, लैब टेक्नीशियन हों, ए.एन.एम. हों, स्टाफ नर्स हों या विद्युत विभाग के संविदा कर्मचारी, जो मध्यप्रदेश को उजाला देने का कार्य कर रहे हैं, सभी ने अपने दायित्व को बेहतर अंजाम दिया है। प्रदेश का सम्मान बढाया है।

### नियमित कर्मचारियों की तरह अनेक लाभ मिलेंगे संविदा कर्मचारियों को

सम्मेलन में मुख्यमंत्री चौहान ने संविदाकर्मियों के हित में महत्वपूर्ण घोषणाएँ की। इसमें प्रतिवर्ष सेवा के अनुबंध को समाप्त करने, नियमित कर्मचारियों की तहत अवकाश, बीमा योजना, रिटायरमेंट पर ग्रेच्युटी, अनुकम्पा नियुक्ति के लाभ देने और नियमित पदों पर भर्ती में 50 प्रतिशत स्थानों पर संविदा कर्मियों को आरक्षण की सुविधाएँ शामिल हैं। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि वे आश्वस्त है कि संविदा कर्मचारी पहले से भी ज्यादा मेहनत और ईमानदारी से कार्य करेंगे। प्रदेश के नागरिकों की जिन्दगी बचाने, उन्हें विकास का लाभ देने, शिक्षा का प्रकाश फैलाने और जिन्दगी रोशन करने का कार्य संविदा कर्मचारियों को करना है। संविदा कर्मचारी अपने लिए नहीं, प्रदेश के लिए जी-जान से कार्य करेंगे। प्रतिवर्ष अनुबंध की व्यवस्था उचित नहीं है, इसलिए इसे समाप्त किया जा रहा है। अनेक संविदा कर्मचारियों को कार्य करते हुए 20 - 25 वर्ष तक हो गए हैं।

# हाथी ने अधेड़ को कुचला मौके पर हुई मौत

भोपाल (ईएमएस)। मध्यप्रदेश के अनूपपुर वन मंडल के वन परिक्षेत्र जैतहरी अंतर्गत बीट चोलना के बचहाटोला में लिपटिस प्लांटेशन के बीच हाथी देखने पहुंचे 55 वर्षीय अधेड़ जनार्दन सिंह पिता स्व कुन्ना सिंह निवासी ग्राम कुसुमहाई को एक हाथी ने हमला कर कुचल दिया। इस हमले में अधेड़ की मौके पर मौत हो गई। इस दौरान पूरे दिन पांच हाथियों का समूह घटनास्थल के आसपास 500 मीटर की परिधि में विचरण करते हुए ग्रामीणों के खेत-बाड़ी में लगे कटहल,केला एवं अन्य तरह के पेड़ों एवं फलों को अपना आहार बनाते रहे।अधेड़ का शव देर शाम हाथियों के समूह के आगे जाने पर वन अधिकारियों एवं पुलिस बल के समक्ष निकालते हुए जैतहरी चिकित्सालय भेजा गया । हाथियों का समूह देर रात बचहाटोला से कुकुरगोड़ा के बरटोला के बीच में मौजूद है और एक ग्रामीण के घर में तोड़-फोड़ कर रहा है।ग्रामीण जनों को हाथियों के समूह से दूर रहने एवं अपने घरों को सुरक्षित करने हेतु मुनादी की गई। इस दौरान बचहाटोला,कुकुरगोड़ा के बरटोला गांव में हाथी विचरण क्षेत्र से ग्रामीणों को घरों से सुरक्षित निकालकर बीच बस्ती में सुरक्षित रखा गया। हाथियों के देर रात विचरण करने पर वन विभाग एवं जैतहरी पुलिस अमला के द्वारा सतत निगरानी रखी जा रही है।इस घटना की जानकारी लगते ही वन मंडलाधिकारी अनूपपुर एसके प्रजापति,एसडीओ वन अनूपपुर प्रदीप कुमार खत्री,वन परिक्षेत्र अधिकारी जैतहरी विवेक मिश्रा,जैतहरी थाना से उप निरीक्षक रंगनाथ मिश्रा, वन्यजीव संरक्षक अनूपपुर शशिधर अग्रवाल आदि।

**कटहल,केला एवं अन्य तरह के पेड़ों को कर दिया बरबाद**

# रासलाखेड़ी, अयोध्या नगर एवं हिनौतिया आलम परियोजनाओं के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ कार्य की गति भी बढ़ायें

भोपाल (ईएमएस)। निगम आयुक्त के.वी.एस. चौधरी ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत रासलाखेड़ी, अयोध्या नगर एवं हिनौतिया आलम परियोजना स्थलों के निर्माण कार्यों का जायजा लिया और अधिकारियों से विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त चौधरी ने रासलाखेड़ी स्थित आवासीय परियोजना स्थल पर निर्माणाधीन एमआईजी डुप्लेक्स, एलआईजी एवं प्रस्तावित ईडब्ल्यूएस आवासीय स्थलों का निरीक्षण कर कार्य की गति बढ़ाकर समय सीमा पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त चौधरी ने निर्मित एमआईजी डुप्लेक्स आवासों में शेष रहे फिनिंशिग कार्य को तीव्र गति से पूर्ण करने तथा नागरिकों की सुविधा के दृष्टिगत आवासों के विवरण सहित रेट दीवार पर पेंट से लिखवाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त चौधरी ने अयोध्या नगर में प्रस्तावित सिंगलेक्स एवं डुप्लेक्स आवासों के प्लिंथ बीम लेवल के कार्य को शीघ्र करने के साथ ही दुकानों का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त चौधरी ने हिनौतिया आलम नगर स्थित आवासीय सह व्यवसायिक परियोजना का निरीक्षण किया और आवासों के प्लास्टर सहित अन्य फिनिशिंग कार्य शीघ्र पूर्ण करने तथा नागरिकों के सुविधा के दृष्टिगत आवासों के विवरण सहित रेट दीवार पर पेंट से लिखवाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त संदीप केरकेट्टा, अधीक्षण यंत्री आर.के. सक्सेना सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे। निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत रासलाखेड़ी परियोजना स्थल के निर्माण कार्यों का जायजा लिया।

**निगम आयुक्त ने परियोजना स्थलों का निरीक्षण कर दिये निर्देश**

### शिवना प्रकाशन के प्रतिष्ठित सम्मानों की हुई घोषणा

भोपाल यशभारत। शिवना प्रकाशन द्वारा वर्ष 2021 तथा 2022 के लिए प्रतिष्ठित सम्मानों की आज घोषणा कर दी गई है। शिवना प्रकाशन द्वारा पिछले कुछ वर्षो से दिए जा रहे सम्मानों का साहित्य जगत को बेसब्री से इंतजार रहता है। शिवना प्रकाशन के ऑनलाइन आयोजन में वर्ष 2021 तथा 2022 के लिए पांच लेखकों को सम्मान दिए जाने की घोषणा की गई है। विधानसभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह द्वारा विधानसभा तथा लोकसभा की कार्यवाही को लेकर लिखित पुस्तक विधानमंडल पद्धति एवं प्रक्रिया के लिए शिवना कृति सम्मान पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

# दोपहिया वाहन चालकों पर जबरिया वसूली : सबलोक

भोपाल यशभारत। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉ. संदीप सबलोक ने कहा कि भाजपा सरकार और प्रशासन सड़क सुरक्षा के नाम पर प्रदेश भर में एक लाख से ज्यादा दुपहिया वाहन चालकों पर चालानी कार्यवाही कर जबरिया दबाव बना कर वसूली रही है। सरकार के इशारे पर प्रशासन और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट संगठित लूट का अड्डा बनकर जबरिया वसूली को अंजाम दे रहा है।
वहीं स्मार्ट सिटी की आफ में नागरिकों को बेहतर सड़क सुविधाएं तथा सड़क सुरक्षा देने में प्रदेश सरकार तथा प्रशासन पूरी तरह से असफल साबित हो चुकी है। सबलोक ने स्मार्ट सिटी प्रबंधन, स्थानीय निकाय तथा संबंधित ठेकेदारों से चालानों की संपूर्ण राशि वसूल करते हुए जन सामान्य से लंबित वसूली को तत्काल निरस्त करने की मांग भी की है।सबलोक ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न शहरों में स्मार्ट सिटी प्रोजक्ट द्वारा मुख्य चौराहों पर सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी कर दोपहिया वाहन चालकों से लाखों की संख्या में चालान भेजकर उनसे राशि वसूली के लिए दबाव बनाया जा रहा है। प्रत्येक नागरिक को मूलभूत सुरक्षा और सुविधाएं उपलब्ध कराना शासन की जिम्मेदारी है। लेकिन शासन यह काम छोड़ जनता से टैक्स, फीस व विभिन्न तरह की दण्ड राशि कानून बनाकर वसूल करता है। सबलोक ने सवाल किया है कि स्मार्ट सिटी में शामिल शहरों की सड़कें या गलीयां इस स्थिति में है कि कोई भी वाहन चालक किसी भी सड़क या गली में महज 01 किलोमीटर तक 30 या 40 किमी से ज्यादा गति से वाहन चलाकर जानलेवा दुर्घटना का शिकार हो पाए।

**दुपहिया वाहन चालकों पर चालानी कार्यवाही**

### अगले महीने 500 उप निरीक्षकों की भर्ती

भोपाल यशभारत। 500 पुलिस उप निरीक्षकों की भर्ती अगस्त महीने में शुरू होगी। पुलिस मुख्यालय इसके लिए नियमावली तैयार हो रही है जो इसी माह के अंत तक कर्मचारी चयन मंडल को भेजा जाएगा। कर्मचारी चयन मंडल द्वारा अगस्त में 500 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी हो सकता है। विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने के पहले भर्ती प्रक्रिया पूरी करने की तैयारी है। पुलिस मुख्यालय ने इन पदों पर भर्ती के लिए प्रस्ताव पिछले वर्ष राज्य कर्मचारी चयन मंडल को प्रस्ताव भेजा था, लेकिन मंडल के पास अन्य परीक्षाओं का दबाव होने के कारण लगभग आठ माह बाद भर्ती प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है। लिखित परीक्षा और शारीरिक दक्षता परीक्षा आचार संहिता लागू होने के पहले कराने की तैयारी है लेकिन इसी बीच आरक्षकों की भर्ती के लिए भी शारीरिक दक्षता परीक्षा होगी। इस कारण कोई एक परीक्षा आगे बढ़ानी पड़ सकती है। आचार संहिता लागू होने के पहले भर्ती नहीं हो पाई तो फिर अगले वर्ष फरवरी-मार्च तक ही भर्ती हो पाएगी।

### मप्र में खराब वित्तीय स्थिति को देखते हुए विभागों को निर्देश

भोपाल(ईएमएस)। मध्यप्रदेश में सरकार के विभिन्न विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर वित्त विभाग ने फरमान जारी किया है। वित्त विभाग की ओर से जारी फरमान के अनुसार योजनाओं को पूरा करने के लिए वित्त विभाग से अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया गया है। संचालक बजट एवं अपर सचिव आईरीन सिंथिया जेपी के हस्ताक्षर से जारी पत्र की कापी मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव और समस्त बजट नियंत्रण अधिकारी को भी भेजी गई है।मध्यप्रदेश में वित्तीय स्थिति को लेकर वित्त विभाग ने जारी फरमान में कहा है कि 40 से अधिक विभागों को योजनाओं को पूरा करने के लिए वित्त से अनुमति लेनी पड़ेगी। वित्त विभाग की अनुमति के बाद ही विभाग राशि खर्च कर सकेंगे। बता दें कि लाडली बहना योजना पर वित्त विभाग का हस्तक्षेप नहीं रहेगा। अनुपूरक बजट में प्रावधान होने के बाद विभागों को राशि जारी होगी।

### मिनी ट्रक की टक्कर से तीन बार पलटी कार, सवारियां सुरक्षित

भोपाल यशभारत। शहर के टीटीनगर इलाके में मिनी ट्रक ने लग्जरी कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार उछलकर तीन बार पलटी खा गई। सोमवार सुबह हुई इस दुर्घटना में सौभाग्य से कार में सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए। हालांकि भीषण हादसा होने के बाद भी लग्जरी कार के एयरबैग नहीं खुले। पुलिस ने टक्कर मारने वाले मिनी ट्रक को जब्त कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।टीटी नगर थाना पुलिस के मुताबिक जानकी नगर गुफा मंदिर लालघाटी के रहने वाले 43 वर्षीय संजय मेरोठा सेल्स एन्ड मार्केटिंग का काम करते हैं। सोमवार सुबह तकरीबन साढ़े छह बजे वह कार से अपनी बेटी के साथ न्यू मार्केट से माता मंदिर चौराहा की तरफ जा रहे थे। कार संजय चला रहे थे, जबकि बेटी बगल वाली सीट पर बैठी थी। वह प्लेटिनम प्लाजा चौराहे पर पहुंचे थे, तभी अटल पथ रोड की तरफ से तेज रफ्तार में आ रहे एक मिनी ट्रक ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार उछलकर तीन बार पलटी खा गई और फिर सीधी हो गई।

# राजधानी का निशातपुरा रेलवे स्टेशन बनकर तैयार

## 14 ट्रेनों को जल्द मिलेगा नया प्लेटफार्म

भोपाल (ईएमएस)। राजधानी का निशातपुरा रेलवे स्टेशन बनकर तैयार हो चुका है। यहां आने वाले 14 ट्रेनों को नया प्लेटफार्म मिलेगा। जल्द ही राजधानी को एक और रेलवे स्टेशन की सौगात मिल जाएगी। अभी तक शहर में भोपाल, रानी कमलापति और संत हिरदाराम नगर के रूप में तीन रेलवे स्टेशन है। भानपुर के पास निशातपुरा के रूप में नए रेलवे स्टेशन को तैयार करने का काम अंतिम चरण में हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि इसी साल इस स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव भी शुरू हो जाएगा। प्रारंभिक तौर पर इस रेलवे स्टेशन पर इंदौर और उज्जैन के रास्ते भोपाल आकर दिल्ली की तरफ रवाना होने वाली ट्रेनों को रूका जाएगा। इस नए रेलवे स्टेशन के बनने से भोपाल रेलवे स्टेशन से ट्रेनों का दबाव भी कम होगा। निशातपुरा स्टेशन चालू होने के बाद शहर के लगभग 10 लाख की आबादी को लाभ मिलेगा। निशातपुरा स्टेशन पर अंतिम परिष्करण का काम अब तेजी से चल रहा है। भोपाल-बीना रेल खंड पर भोपाल मेन स्टेशन से महज दो किलोमीटर दूर स्थित इस स्टेशन 700 मीटर लंबे दो प्लेटफॉर्म, नया फुट ओवर ब्रिज, दिव्यांगों के लिए विशेष पाथ-वे के साथ स्टेशन भवन बनाया गया है। यहां पर बुकिंग कार्यालय की सुविधा भी यात्रियों को मिलेगी।निशातपुरा स्टेशन पर 100 से अधिक यात्री को ठहरने के लिए प्रतिक्षालय भी तैयार किया गया है। वहीं प्लेटफार्म पर जगह-जगह पर पेय जल की व्यवस्था की गई है। साथ ही प्लेटफार्म एक और दो पर बैठक व्यवस्था भी है। इसके अलावा भी एक और दो नंबर प्लेटफार्म पर आने और जाने के लिए लिफ्ट का काम किया जा रहा है, जिसे जल्द ही पूरा किया जाएगा। जिन ट्रेनों को निशातपुरा स्टेशन पर ठहराव मिलेगा उनमें ट्रेन 19321/19322 इंदौर-पटना-इंदौर (शनिवार/सोमवार) साप्ताहिक एक्सप्रेस। ट्रेन 19313/19314 इंदौर-पटना-इंदौर (सोमवार, बुधवार/बुधवार,शुक्रवार) द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस।ट्रेन 14115/14116।



# प्रदेश में सड़कों के निर्माण पर दिया जा रहा है विशेष ध्यान

भोपाल, यशभारत। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रामखेलावन पटेल ने सोमवार को सतना जिले के अमरपाटन में मैहर ढाबा से झिन्ना नाका पुराना राष्ट्रीय राजमार्ग-7 के आंतरिक फोर-लेन का भूमि-पूजन किया। आंतरिक फोर-लेन की लागत 20 करो? 92 लाख रूपये है।
राज्य मंत्री पटेल ने कहा कि प्रदेश में सड़कों के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इससे प्रदेश में विकास की रफ्तार तेज हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम-स?क योजना ने गाँव, तहसील, जिला और संभाग में स?कों का निर्माण कर छोटे-छोटे स्थानों को प्रदेश और देश की राजधानी से जोड़ने का काम किया है। राज्य मंत्री पटेल ने कहा कि अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र में बिजली आपूर्ति में सुधार के लिये 65 करो? रूपये की योजना मंजूर की जा चुकी है। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कौल एवं अन्य जन-प्रतिनिधि मौजूद थे।

# मतदान केंद्रों का कलेक्टर्स खुद करें भौतिक सत्यापन

## 2 कि.मी. से अधिक दूरी पर न हो कोई मतदान केंद्र

भोपाल, यशभारत। भारत निर्वाचन आयोग के प्रतिनिधि-मंडल द्वारा मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 की तैयारियों को लेकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर भोपाल में समीक्षा बैठक दूसरे दिन भी जारी रही। भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त धर्मेंद्र शर्मा सहित अन्य अधिकारियों ने विस्तार से चर्चा की। तीन दिन तक चलने वाली बैठक के दूसरे दिन 6 संभागों के 30 जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षकों ने प्रजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी।समीक्षा बैठक के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के प्रतिनिधि-मंडल ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान केंद्र का स्वयं भौतिक सत्यापन करने, 2 कि.मी. से अधिक दूरी पर कोई मतदान केंद्र न होने के निर्देश दिए। इसके साथ ही 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले नए मतदाताओं का नाम जो?ने, वल्नरेबिलिटी मैपिंग, जनजातीय बाहुल्य वाले क्षेत्रों में मतदाताओं का नाम जोड़ने, जेंडर रेशियो, ईपी रेशियो, मतदान केंद्रों की सुविधाओं, क्रिटिकल पोलिंग स्टेशन, दोहरी प्रवृष्टि वाले मतदाता, एक मतदान केंद्र पर 1500 से अधिक मतदाता न होने, फोटोग्राफिकल सिमिलर एंट्री, शैडो एरिया, दिव्यांग मतदाता और थर्ड जेंडर मतदाता, मृत मतदाताओं के नाम हटाने, वोटर प्रतिशत बढ़ाने स्वीप गतिविधियाँ, मतदाता सूची में संशोधन कराने, ईवीएम, व्हीव्हीपीएटी की फर्स्ट लेवल चेकिंग, द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 की गतिविधियाँ, पोस्टल बैलेट पेपर, सर्विस वोटर सहित निर्वाचन से जुड़े अन्य बिंदुओं पर चर्चा की।



### फोटो मीटर रीडिंग में लापरवाही पर 137 आउटसोर्स मीटर वाचकों का वेतन कटा

भोपाल यशभारत। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं की मीटर रीडिंग में लापरवाही बरतने के आरोप में सेवा प्रदाता कंपनी के माध्यम से कंपनी कार्यक्षेत्र के मुरैना अंतर्गत कार्यरत 137 मीटर वाचकों का वेतन काटा गया है।मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के महा प्रबंधक मुरैना पी.के. शर्मा ने बताया है कि उपभोक्ताओं के परिसर में स्थापित मीटर की फोटो मीटर रीडिंग में लापरवाही बरतने और गलत मीटर रीडिंग लेने पर मीटर वाचकों पर सख्त कार्यवाही किये जाने के निर्देशों के परिपालन में कंपनी द्वारा मुरैना में 137 मीटर वाचकों का वेतन काटने की कार्यवाही की गई है।मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने मैदानी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिये हैं।

# पुरुषों में नपुंसकता का समाधान खोजने एम्स ने शुरू किया ट्रायल

भोपाल यशभारत। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भोपाल में अब पुरुषों की नपुंसकता संबंधी समस्या के समाधान के लिए मेडिकल ट्रायल की शुरुआत की गई है। यह पहली बार है, जब पुरुषों की नपुंसकता को लेकर किसी बड़े संस्थान में काम शुरू किया गया है। भोपाल में इस संबंध में करीब 100 लोगों पर मेडिकल ट्रायल की अनुमति रजिस्ट्री आफ इंडिया से एम्स को मिली है, जिसमें से करीब 15 लोग इसके लिए मिल चुके हैं।
एम्स प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार इस ट्रायल में आने वाले मरीजों को एक दवा दी जाएगी, जो पुरुष के स्पर्म काउंट को बढ़ाएगी। इस ट्रायल के दौरान यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि दवा का कोई नुकसान तो नहीं होगा। मेडिकल कालेज एम्स की इथिकल कमेटी पूरे ट्रायल की मानिटरिंग कर रही है, जिससे मरीजों का किसी तरह का अहित नहीं हो सके।

**करीब 100 लोगों पर मेडिकल ट्रायल की अनुमति**

#### जिनके ऊपर ट्रायल, उनका दस लाख का बीमा

ट्रायल में शामिल होने वाले सभी लोगों का दस लाख रुपये का बीमा भी कराया जा रहा है। एम्स के डाक्टरों ने बताया कि वर्तमान समय की दिनचर्या के चलते 25 साल से लेकर 45 साल आयु वर्ग के कुछ पुरुषों में नपुंसकता की समस्या बढ़ी है। इस समस्या का सबसे मुख्य कारण पुरुषों में स्पर्म काउंट का कम होना है। सामान्यत- एक पुरुष में औसतन 20 मिलियन से कम स्पर्म काउंट होने पर बच्चा पैदा करने में समस्या उत्पन्न होती है।

# मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना से शिक्षित युवा को कोई फायदा नहीं मिलेगा : विभा पटेल

## - योजना में इटर्नशिप के नाम पर न्यूनतम मजदूरी राशि से भी कम पैसा मिलेगा

भोपाल , यशभारत। मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती विभा पटेल ने मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना को चुनावी लालीपॉप बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इटर्नशिप के नाम पर आठ हजार रुपए देने को युवाओं की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करना बताया है। ये राशि तो दिहाड़ीकर्मी की तुलना में सीधे तौर पर 8 से 16 हजार रुपए कम है।
श्रीमती विभा पटेल ने योजना के तहत अभ्यर्थी की पात्रता 8 से 29 वर्ष रखे जाने की आलोचना करते हुए कहा कि पिछले एक साल में 5,47,000 बेरोजगारों की संख्या बढ़ गई है। यानी मध्यप्रदेश में रोजाना बेरोजगारों की संख्या 1495 के आसपास बढ़ रही है। प्रदेश में वर्तमान में 30 लाख ये अधिक रोजगार कार्यालय में पंजीकृत युवा बेरोजगार हैं।श्रीमती विभा पटेल ने आरोप लगाते हुए कहा कि रोजगार के अभाव में बेरोजगार युवाओं के परिवार भूखे मर रहे हैं। रोजगार सहित जनता से जुड़े तमाम मुद्दों पर विफल हो चुके शिवराज सिंह चौहान को मुख्यमंत्री पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं बचा है। उन्हें तत्काल अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।श्रीमती विभा पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना से शिक्षित एवं उच्च शिक्षित युवा को कोई फायदा नहीं होगा, उन्होंने मुख्यमंत्री से जानना चाहा है कि पिछले एक साल में कई दफा एक लाख से अधिक युवाओं को नौकरी देने का वायदा किया था? उसका क्या हुआ। सरकारी दफ्तरों में खाली पद क्यों नहीं भरे गए।श्रीमती विभा पटेल ने कहा कि राज्य के 55 में से 44 विभागों में चतुर्थ श्रेणी से लेकर प्रथम श्रेणी के तीन लाख से ज्यादा पद खाली हैं। इनमें 1 लाख 1 हजार 958 पद सिर्फ स्टेट कैडर के हैं, जबकि संभाग और जिला कैडर में यह संख्या दो लाख से ज्यादा होने का अनुमान है। सबसे ज्यादा 45 हजार 767 पद स्कूल शिक्षा में शिक्षक व अन्य सहयोगी कर्मियों के रिक्त हैं।



### विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्ध-घुमक्कड़ बस्तियों के विकास के लिये बस्ती विकास योजना

भोपाल(ईएमएस)। प्रदेश में विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध-घुमक्कड़ बहुल बस्तियों, ग्राम, मजरे-टोलों और डेरों में अधो-संरचना विकास के लिये बस्ती विकास योजना संचालित की जा रही है।योजना के अंतर्गत बस्तियों में सी.सी. रोड, नाली, सार्वजनिक शौचालय, पेयजल और बिजली व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिये राशि उपलब्ध कराई जा रही है। पिछले वर्ष योजना में 72 लघु निर्माण कार्यों के लिये करीब 3 करोड़ 10 लाख रूपये की राशि व्यय की गई। इस वर्ष 2023-24 में योजना में विभागीय बजट में 5 करोड़ 16 लाख रूपये का प्रावधान किया गया है। प्रदेश में 51 विमुक्त, घुमक्क्ड़, अर्द्ध-घुमक्कड़ समुदाय हैं। इनके सामाजिक कल्याण के लिये प्रयास किये जा रहे हैं।

## बिदिशा फिर भुगतेगा बाढ़ का दंश

# 23 गांव की 18 हजार आबादी खतरे में

भोपाल, यशभारत। समीपस्थ जिले विदिशा में जून माह में ही सामान्य से अधिक वर्षा होने से बांध प्रभावित क्षेत्रों में रह रहे लोगों की चिंता बढ़ गई है। प्रशासन की सूची में बांधों के कारण डूब क्षेत्र में आने वाले 23 गांव की करीब 18 हजार की आबादी प्रभावित होती है। यहां वर्षा के मौसम में लगभग हर साल बड़ी संख्या में लोगों को घर छोड़कर राहत शिविरों में ठहरना पड़ता है। इन गांवों में बाढ़ से होने वाले नुकसान को किस तरह बचाया जा सके इसके लिए पूर्व से तैयारी नहीं होती। विदिशा के संजय सागर, सगड़ और हलाली बांध भराव के कारण हर साल आसपास के कई गांव बाढ़ के पानी से घिर जाते हैं। इसमें ज्यादातर गांव विदिशा, नटेरन और शमशाबाद तहसील क्षेत्र के हैं। अब तक इन गांवों के लोगों के लिए कोई सुरक्षित स्थान का चयन नहीं किया। न ही इन गांवों में पहुंचकर बाढ़ से बचने का कोई प्रशिक्षण दिया। हलाली बांध से बेतवा में पानी छोड़ने के कारण ग्राम परासीखुर्द, अमोदा, करेला, सायर, बामोरा में पानी छोड़ने का खतरा सामान्य रहता है। बाह डैम से बेतवा में पानी छोड़ने के कारण ग्राम शेरपुरकस्बा, रुसल्ली, दुपारिया, हिनोतिया और देवखजूरी में पानी भरता है। इसके अलावा नटेरन तहसील के मियांखेड़ी, रावन, खाईखेड़ा, गूजरखेड़ी, खजूरीदास, चमराहा भी बांध से प्रभावित रहते हैं, जबकि ये गांव तीव्र प्रभावित श्रेणी के हैं। शमशाबाद तहसील के ग्राम राजपुरा, मझेरा, दुनातर, नहरयाई, बरोदिया, कुशलपुरा और दूदनखेड़ी गांव बाह डैम से बेतवा में पानी छोड़ने के बाद प्रभावित रहते हैं। ग्राम देवखजूरीवर्षा के कारण ग्राम देवखजूरी हर साल पानी से घिर जाता है और टापू बन जाता है। गांव के दो तरफ से नाला गुजरा है, जो वर्षा के दौरान उफान पर ही रहता है। देव खजूरी गांव में अंदर जाने के लिए मुख्य रास्ता नाला उफान के कारण डूब जाता है।
गांव के अंकेश शर्मा, रामलाल शर्मा बताते हैं कि गांव का प्रवेश द्वार पानी में डूबने से गांव से बाहर निकलने का रास्ता बंद हो जाता है। यहां पानी का बहाव तेज होने से ट्रैक्टर जैसे बड़े वाहन तक नहीं निकल पाते। गांव के दोनों तरफ के रास्ते बंद हो जाते हैं। इस दौरान खासतौर से ग्राम में मेडिकल जैसी व्यवस्थाएं पहुंचने में समस्या होती है।



# जनसुनवाई में आए 111 आवेदकों की सुनी समस्याएं

## कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई जनसुनवाई

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रात: 11:00 बजे से जनसुनवाई आयोजित की गई। इस दौरान जिला पंचायत के सी.ई.ओ शिशिर गेमावत, डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी एवं राकेश चौरसिया द्वारा शिकायतों का निराकरण करानें पहुंचे 111 आवेदकों की समस्याऐं सुनी और जिले के अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित समस्याओं के समय-सीमा मे निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपनी समस्या का निराकरण कराने पहुंचे ग्राम पडवार तहसील स्लीमनाबाद निवासी भगवान सिंह द्वारा ग्राम पडवार के खसरा नंबर 800/1 एवं 800/2 का आर.आई एवं पटवारी द्वारा सीमांकन नहीं किये जाने की शिकायत पर सुनवाई की जाकर एस.डी.एम बहोरीबंद को नियमानुसार सीमांकन की आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।



विश्राम बाबा वार्ड कुम्हार मोहल्ला निवासी 63 वर्षीय चंदा बाई कुम्हार ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि वह गरीबी रेखा के अंतर्गत जीवन यापन करती है। उसकी परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए वृद्धा पेंशन स्वीकृत की जाने की मांग पर उचित कार्यवाही हेतु आयुक्त नगर निगम कटनी की ओर पत्र प्रेषित किया गया। ग्राम पंचायत चाका निवासी जानकी परौहा के प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ न मिलनें संबंधी शिकायत पर सुनवाई की जाकर जिला पंचायत को आवाश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। श्रीमति हरिबाई पति कन्छेदी नें जनसुनवाई के दौरान बताया कि पूर्व में उसे पट्टा प्रदान किया गया था। जिस भूमि पर वन विभाग द्वारा कब्जा किया गया है। वन विभाग से पट्टे की भूमि दिलाये जाने संबंधी आवेदन पर सुनवाई की जाकर बहोरीबंद के वन विभाग के एस.डी.ओ को आवेदन पर नियमानुसार उचित कार्यवाही करनें हेतु पत्र प्रेषित किया गया। जनसुनवाई के दौरान रोजगार पंजीयन रिन्यू कराने, अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने, शासकीय भूमि पर कब्जा कर आम निस्तार को बाधित करनें, नामान्तरण दाखिल खारिज की कार्यवाही करवानें, राजस्व रिकार्ड में कब्जा दर्ज करनें, बस स्टैण्ड के पास स्थित गौशाला की भूमि ट्रस्टियों द्वारा विक्रय करने, डिलेवरी के दौरान प्रदान की जाने वाली सहायता राशि का भुगतान करनें, आयुष्मान कार्ड बनानें सहित अन्य आवेदनों पर सुनवाई की जाकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। जनसुनवाई में जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह, श्रम अधिकारी के.बी.मिश्रा, जिला आपूर्ति अधिकारी बालेन्द्र शुक्ला सहित लीड बैंक मैनेजर सहित स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी रही।

**मुख्यमंत्री युवा इंटर्नशिप योजना**

# जिले से 90 युवाओं का किया जाएगा चयन



**कटनी,यशभारत।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा युवाओ के विकास के लिए महत्वपूर्ण मुख्यमंत्री युवा इंटर्नशिप योजना के बैच 2 का शुभारम्भ किया गया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मॉडल पर आधारित मुख्यमंत्री यूथ इंटर्नशिप फॉर डेवलपमेंट प्रोग्राम मध्यप्रदेश सरकार की एक फ्लैगशिप इनिशिएटिव योजना है। इस योजना के तहत राज्य के युवाओं को अपना कौशल बढ़ाने, प्रोफेशनल वातावरण में कार्य करने और मुख्यमंत्री जनसेवा मित्र के रूप में प्रदेश के विकास में योगदान देने का अवसर प्रदान किया जाएगा। योजना के तहत प्रत्येक विकासखंड में 15 इंटर्न्स, प्रदेश भर में कुल 4695 युवाओं चयन किया जाएगा। योजना के तहत कटनी जिले से 90 इंटर्न (सीएम जन सेवा मित्र) का चयन किया जाएगा। जिनको इस योजना के तहत विकास योजनाओं का कार्य अनुभव दिया जाएगा। मुख्यमंत्री युवा इंटर्नशिप योजना में 2 जुलाई से 10 जुलाई 2023 तक एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन किए जा सकते है। इसके लिए पिछले 2 वर्षो में न्यूनतम 50 प्रतिशत से स्नातक, स्नातकोत्तर उत्तीर्ण होना चाहिए। इस योजना के द्वारा मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र बनने का मौका मिलेगा। चयनित उम्मीदवारों को मध्यप्रदेश सरकार द्वारा 8 हजार रूपये का स्टायपेंड दिया जायेगा एवं इंटर्नशिप की कार्यवधि 6 माह की होगी।

# जिले में अब तक 229.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

### पिछले साल की तुलना में इस वर्ष हुई 183.4 मिलीमीटर अधिक बारिश

**कटनी,यशभारत।** कटनी जिले में इस वर्ष 1 जून से 4 जुलाई की प्रातः तक की अवधि तक कुल 229.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि बीते वर्ष इसी अवधि के दौरान 146.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल पिछले वर्ष की तुलना में 183.4 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस साल अलोच्य अवधि तक वर्षा मापी केंद्र कटनी में 187.6 मिलीमीटर, रीठी में 219.2 मिली मीटर, बड़वारा में 230.6 मिलीमीटर, बरही में 152.0 मिलीमीटर, विजयराघवगढ़ में 120.3 मिलीमीटर, बहोरीबंद में 195.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इसी प्रकार स्लीमनाबाद में 360.8 मिलीमीटर एवं ढीमरखेड़ा में 371.7 मिलीमीटर वास्तविक वर्षा दर्ज की गई।





# हाथ ठेला व फेरी वालों से नहीं लिया जाएगा प्रतिदिन वसूली शुल्क

### मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा पर शुरू हुआ अमल

**कटनी,यशभारत।** कटनी मध्य प्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय भोपाल के पत्र अनुसार मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हाथ ठेला फेरीवाले रिहाडी वालों की 29 मई को भोपाल में आयोजित हुई प्रदेश स्तरीय महापंचायत में नगरीय निकायों द्वारा की जाने वाली वसूली पर रोक लगाने की घोषणा की थी। जिसका अमल नगर पालिक निगम सीमा में शुरू हो गया है। नगर पालिक निगम के प्राधिकार अधिकारी बाजार शाखा ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन के निर्देशानुसार निगम आयुक्त सत्येंद्र सिंह धाकरे द्वारा निगम सीमा अंतर्गत उक्त व्यवसायियों से की जाने वाली वसूली शुल्क पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। जिससे कि अब रोड में फेरी लगाने वाले छोटे छोटे व्यापारियों को नगर निगम में दी जाने वाली शुल्क से छुटकारा मिल जाएगा।




# राइड ऑन राइस ट्रांसप्लांटर मशीन का अनुदान पर वितरण

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद के दिशा निर्देशानुसार जिले में कृषि में उन्नत मशीनों का उपयोग को बढ़ावा देने हेतु प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कृषि अभियांत्रिकीय विभाग द्वारा ई-कृषि यंत्र अनुदान योजना के तहत कृषक श्री अमृत लाल दुबे निवासी ग्राम नहेरी विकासखण्ड विजयराघवगढ़ जिला कटनी को राईड ऑन टाईप राईस ट्रांसप्लाटर मशीन अनुदान पर मेसर्स तविस एग्रो कटनी द्वारा प्रदाय की गई। मशीन की कुल लागत 14 लाख रू है तथा मशीन पर विभाग के द्वारा 5 लाख रु तक अनुदान दिया जावेगा। कृषक को मशीन प्रदाय करते समय उपसंचालक कृषि मनीष कुमार मिश्रा एवं कृषि अभियांत्रिकीय विभाग से सहायक कृषि यंत्री वी. वी मौर्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर मेसर्स तविस एग्रो कटनी के डीलर श्रेया शिवहरे एवं प्रसन्न शिवहरे एवं विभाग के अन्य कर्मचारी की भी मौजूदगी रही। किसान कल्याण तथा कृषि विकास के उपसंचालक नें बताया कि धान की रोपाई श्रमिकों द्वारा लगाने पर लगभग 5 हजार रुपये प्रति एकड़ की लागत आती है एवं दिनभर में 1 से 2 एकड़ धान की रोपाई होती है जबकि इस मशीन द्वारा प्रति एकड़ 1100 रु का खर्च आता एवं दिनभर में लगभग 8 एकड धान की रोपाई की जाती है। कृषि अभियात्रिकीय विभाग द्वारा बताया गया कि जिले में यह इस प्रकार की दूसरी मशीन है। इस मशीन द्वारा धान की रोपाई शुक्रवार 07 जुलाई 2023 को की जावेगी।

# औद्योगिक क्षेत्र बरगंवा के नक्शे में संशोधन की संयुक्त जांच के निर्देश

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी, आयुक्त नगर पालिक निगम कटनी एवं महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कटनी को औद्योगिक क्षेत्र बरगंवा जिला कटनी के औद्योगिक क्षेत्र के नक्शा संशोधन की संयुक्त जांच कर तीन ईकाई की वस्तु स्थिति की जानकारी एवं इकाई से नाले की (दूरी) की स्थिति की जानकारी संयुक्त हस्ताक्षर से कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। उल्लेखनीय है कि आयुक्त एमएसएमई द्वारा औद्योगिक क्षेत्र का नक्शा संशोधन के संबंध में उच्च स्तर पर समीक्षा की जा रही है। औद्योगिक क्षेत्र बरगंवा जिला कटनी के औद्योगिक क्षेत्र का नक्शा संशोधन के संबंध में वर्तमान खसरा क्रमांक 53 / 2 मेसर्स दीप आईस फैक्ट्री प्लाट नंबर 16 खसरा क्रमांक 54/1 मेसर्स नितेश स्टील प्लाट नंबर 17 एवं खसरा नंबर 54/3 रूची पोलीपाईप प्लाट नंबर 18 की वस्तु स्थिति की जानकारी इकाई की एवं नाला की स्थिति की पूर्ण जानकारी नजरी नक्शा सहित उपलब्ध कराने अनुरोध किया गया है।

# अमानक खाद्य सामग्री बेचने वाले 3 विक्रेताओं पर 20 हजार रूपये जुर्माना

**कटनी,यशभारत।** राज्य शासन ने प्रदेश में मिलावटी खाद्य सामग्री बेचने वालों के खिलाफअभियान चलाकर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कटनी जिले में भी कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर मिलावटखोरों के खिलाफसंयुक्त टीमें जांच कर रही हैं और अमानक सामग्री पाए जाने पर संबंधितों के खिलाफकार्रवाई की जा रही है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा प्रस्तुत किए गए तीन प्रकरणों में न्याय निर्णायक अधिकारी, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी रोमानुस टोप्पो ने अमानक व मिथ्याछाप सामग्री पाए जाने पर मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 में दिए गए प्रावधानों के तहत अर्थदंड की कार्यवाही की है। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी संजय कुमार गुप्ता द्वारा भट्टा मोहल्ला वंशस्वरुप वार्ड जिला कटनी निवासी बालकृष्ण सोनी पिता रामकिशोर सोनी द्वारा अमानक खाद्यय पदार्थ घी का विक्रय करने पर 20 हजार रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है।

साथ ही आदेशित किया गया है कि अर्थदंड की राशि निर्धारित ट्रेजरी चालान के माध्यम से 30 दिवस के भीतर जमा कर जमा चालान की कापी संबंधित न्यायालय मे जमा करने के निर्देश दिए गए है। राशि जमा न किए जाने की दशा मे लोक धन शोध अधिनियम के तहत राशि वसूली जाएगी। इसी प्रकार कटनी गिरजा चौक नई बस्ती निवासी नर्मदा मिश्रा पिता स्व. उमाशंकर मिश्रा द्वारा दिल्ली डेयरी शहीद द्वार नई बस्ती कटनी मे अमानक खाद्यय पदार्थ गाय का दूध एवं पनीर का विक्रय किए जाने के कारण 10 हजार रुपये के अर्थदंड से अधिरोपित किया गया है। साथ ही आदेशित किया गया है कि अर्थदंड की राशि निर्धारित ट्रेजरी चालान के माध्यम से 30 दिवस के भीतर जमा कर जमा चालान की कापी संबंधित न्यायालय मे जमा करने के निर्देश दिए गए है। राशि जमा न किए जाने की दशा मे लोक धन शोध अधिनियम के तहत राशि वसूली जाएगी। इसके साथ ही एक अन्य प्रकरण में खितौली रोड नं. 06 बरही जिला कटनी निवासी अजीत कुमार सोनी पिता अश्विनी कुमार सोनी प्रोप्राइटर एस मार्ट खितौली रोड वार्ड नंबर 06 बरही को अमानक एवं मिथ्याछाप खाद्यय पदार्थ अजंता स्पाईसेस ब्राण्ड करायल पैक्ड का विक्रय किए जाने तथा खाद्यय पदार्थ की जानकारी नही दिए जाने पर 20 हजार रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। साथ ही आदेशित किया गया है कि अर्थदंड की राशि निर्धारित ट्रेजरी चालान के माध्यम से 30 दिवस के भीतर जमा कर जमा चालान की कापी संबंधित न्यायालय मे जमा करने के निर्देश दिए गए है। राशि जमा न किए जाने की दशा मे लोक धन शोध अधिनियम के तहत राशि वसूली जाएगी।





# विधिक जागरूकता शिविर में बच्चों को बताये उनके अधिकार एवं कर्तव्य

**कटनी,यशभारत।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी धरमिन्दर सिंह राठौड के निर्देशानुसार आयोजित किए जा रहे बाल संवर्धन एवं सरंक्षण सप्ताह (दिनांक 01 से 07 जुलाई 2023 तक) के अंतर्गत दिनांक 04 जुलाई को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरवार, सिविल लाईन गणेश चौक कटनी में बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवायें एवं उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवायें योजना 2015 के संबंध में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, शिविर में पूर्व पैरालीगल वालेंटियर श्रीमती आराधना तिवारी के द्वारा बच्चों को उनके मौलिक अधिकारों के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ मौलिक कर्तव्यों के बारे भी जानकारी दी तथा बच्चों से मौलिक कर्तव्यों और नैतिक कर्तव्यो के पालन करने की अपेक्षा की। स्कूल प्रशासन के सहयोग से शिविर का सफ्लतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं अधिक संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

# मुख्यमंत्री सीखो -कमाओ योजना के पोर्टल पर युवाओं का पंजीयन




**कटनी,यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने युवाओं को कौशल विकास के साथ ही लर्न एंड अर्न की तर्ज़ पर ऑन जॉब ट्रेनिंग की सुविधा के लिए मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना लागू की है। मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा मंगलवार को रवींद्र भवन भोपाल सें इस योजना में युवा आवेदकों के पंजीयन की प्रक्रिया की शुरुआत की जाकर कार्यक्रम के दौरान युवाओं से संवाद भी किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेश के युवाओं में कौशल विकास क्षमता को बढ़ा कर उन्हें रोज़गार से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना का प्रभावी क्रियान्वयन शुरू किया है। इस योजना में युवाओं को उद्योगों के साथ सर्विस सेक्टर में कौशल प्रशिक्षण दिलाते हुए स्टाइपेंड की व्यवस्था की गई है। युवाओं को नवीनतम तकनीक और प्रक्रिया से व्यावसायिक कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रथम चरण में एक लाख युवाओं को रोज़गारोन्मुखी कौशल में प्रशिक्षित किए जाने का लक्ष्य है। आवश्यकतानुसार लक्ष्य को बढ़ाया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को 8 हज़ार से 10 हज़ार रुपये प्रतिमाह स्टाइपेंड प्राप्त होगा। प्रशिक्षण के बाद निर्धारित परीक्षा उत्तीर्ण करने पर अथवा फ़ॉर्मेटिव एसेसमेंट के बाद मध्य प्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोज़गार बोर्ड द्वारा स्टेट काउंसिल फ़ॉर वोकेशनल ट्रेनिंग का प्रमाण-पत्र दिया जाएगा। इसके लिए योजना से कंपनियों और सर्विस सेक्टर को जोड़ा गया है। योजना में देश एवं प्रदेश के ऐसे औद्योगिक एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठान पात्र होंगे, जिनके पास चछ और ळैज पंजीयन है। मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना में 18 से 29 वर्ष आयु तक के मध्यप्रदेश के स्थानीय निवासी युवा पात्र हैं, जिनकी शैक्षणिक योग्यता 12वीं, आईटीआई उत्तीर्ण या उससे उच्च है। चयनित युवा छात्र, प्रशिक्षणार्थी कहलाए जाएंगे। प्रत्येक कोर्स के लिए देय स्टाइपेंड का निर्धारण प्रावधानित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के आधार पर किया गया है। इसमें 12वीं या उससे कम कक्षा उत्तीर्ण युवाओं को 8 हज़ार रूपये प्रतिमाह, आईटीआइ उत्तीर्ण को 8 हज़ार 500, डिप्लोमा उत्तीर्ण को 9 हज़ार तथा स्नातक उत्तीर्ण अथवा इससे उच्च शैक्षणिक योग्यता वाले प्रशिक्षणार्थी युवाओं को 10 हज़ार रूपए प्रतिमाह स्टाइपेंड दिया जाएगा। युवा, मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना का पंजीयन पर निरूशुल्क कर सकते हैं। पंजीयन के बाद संबंधित को लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड डै अथवा ई-मेल द्वारा प्राप्त होगा। पंजीयन के समय किसी समस्या का समाधान पोर्टल पर दिए गए हेल्प-डेस्क पर संपर्क कर किया जा सकता है।

**लगातार तीन बार ज्ञापन व शिकायत के बाद भी प्रशासन मौन**

# तहसीलदार की उदासीनता पर विहिप, बजरंग दल एवं ग्रामवासियों ने दर्ज कराया विरोध



**कटनी,यशभारत।** पूरे मामले की बात करे तो मामला कटनी जिले की ग्राम पंचायत बिलहरी का है जहां गया कुंड के आस पास चरनोई मद की भूमि जिसका खसरा नंबर 08 रकवा कुल 0.50 हेक्टियर शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा का मामला प्रकाश में आया है पूर्व में भी सन 2022 में ग्राम वासियों सहित विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध जताते हुए ज्ञापन सौंप करवाई की मांग की गई थी इसके बाद लगभग एक माह पूर्व भी ज्ञापन शिकायत पत्र तहसीलदार बिलहरी को दिया गया था लेकिन प्रशासन ने आज दिनांक तक जब कोई कार्यवाही नहीं की तो फिर तीसरी बार शिकायत पत्र विहिप बजरंग दल एवं ग्रामवासियों द्वारा तहसीलदार को सोपा गया है जिसमे तुरंत कार्यवाही कर अवैध कब्जा हटाने की मांग की गई है क्योंकि पूर्व में भी ज्ञापन शिकायत पत्र सौंपकर कार्यवाही की मांग की गई है पर आज दिनांक तक न तो अवैध कब्जे हटाए और न ही कोई कार्यवाही प्रस्तावित की गई है कार्यकर्ताओं और ग्राम वासियों ने बताया की सालो बीत जाने पर भी कार्यवाही न होना आखिर क्यों ये सब अधिकारी पर सवालिया निशान खड़े कर रहा है आखिर कोन दबंगियो के कारण ये अवैध कब्जा आज दिनांक तक नही हटाया गया आखिर अधिकारियों के ऊपर किसका दबाव है पूरी उम्मीद के साथ एक बार फिर विहिप बजरंग कार्यकर्ताओं सहित ग्राम वासियों के द्वारा तहसील दार को शिकायत पत्र सोपा गया है और अवैध कब्जा हटाने की मांग की गई है ज्ञापन के दौरान मुख्य रूप उपस्थित रहे जिला सह संयोजक सौरभ चौरसिया खंड कार्यवाह भाईसाहब गौरव नायक जिला गौ रक्षा लकी सोनी प्रखंड अध्यक्ष चंदन यादव प्रखंड उपाध्यक्ष महेन्द्र यादव प्रखंड संयोजक आजाद पूरी सह संयोजक सत्यम सेन संपर्क प्रमुख राकेश कोरी राज चौरसिया मोनू मिश्रा विष्णु साहू मोनू साहू सुभाष बर्मन सहित भारी सख्या में विहिप बजरंग दल एवं ग्रामवासियों की मौजूदगी रही।

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners

CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW
Mittal MALL
Paytm
book my show

From 30th June 2023

Cineworldz Cinema Katni by CMW
Schedule for the week 30 June to 06 July, 2023

| Audi-01 | Show | Rate |
|---|---|---|
| Satyaprem Ki Katha | 10.30.00 AM | 90-90-90-250 |
| SPY 2D Hindi | 1.30.00 PM | 130-160-190-350 |
| Satyaprem Ki Katha | 4.15.00 PM | 130-160-190-350 |
| Satyaprem Ki Katha | 7.15.00 PM | 130-160-190-350 |
| Satyaprem Ki Katha | 10.15.00 PM | 130-160-190-350 |
| Audi-02 | Show | |
| Satyaprem Ki Katha | 1.00.00 PM | 100-120-140-310 |
| Adipurush 3D Hindi | 4.00.00 PM | 140-170-200-340 |
| SPY 2D Hindi | 7.00.00 PM | 140-180-210-350 |
| SPY 2D Hindi | 10.00.00 PM | 140-180-210-350 |
| Audi-03 | Show | |
| SPY 2D Hindi | 10.45.00 AM | 90-90-90 |
| 1920 Horrors of the heart | 1.15.00 PM | 120-150-150 |
| SPY 2D Hindi | 3.45.00 PM | 120-150-150 |
| Zara Hatke Zara Bachke | 6.45.00 PM | 120-150-150 |
| Satyaprem Ki Katha | 9.15.00 PM | 120-150-150 |

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor, Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

# एशिया कप 2022 के बाद टीम में वापसी करेगा ये खिलाड़ी

## रोहित ने किया था बाहर, हार्दिक ने दिया मौका



नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय टीम से खेलने का सपना हर किसी का होता है, लेकिन बहुत कम प्लेयर्स को ये मौका मिल पाता है। वेस्टइंडीज टूर के लिए सेलेक्टर्स ने टी20 टीम का ऐलान कर दिया है। इस टीम में एक ऐसे खिलाड़ी की वापसी हुई है, जिसने अपना आखिरी मैच एशिया कप 2022 में खेला था। अब इस प्लेयर को वेस्टइंडीज टूर पर मौका मिला है।

### इस खिलाड़ी को मिला मौका

भारतीय टीम के स्टार स्पिनर रवि बिश्नोई को वेस्टइंडीज के लिए भारतीय टी20 टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने अपना आखिरी मैच 4 सितंबर 2022 को एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था, तब पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने के खिलाफ 4 ओवर में 26 रन देकर 1 विकेट हासिल किया था। बिश्नोई टी20 क्रिकेट बड़े महारथी हैं और काफी किफायती भी साबित होते हैं। उनके पास वह काबिलियत है कि वो किसी भी बल्लेबाजी आक्रामण की धज्जियां उड़ा सकते हैं।

### 10 महीने के बाद हुई वापसी

एशिया कप 2022 के बाद रवि बिश्नोई को टी20 वर्ल्ड कप 2022 में भी नहीं चुना गया था। वहीं, न्यूजीलैंड और श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज से भी बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था, लेकिन अब एशिया कप 2022 के बाद यानी के 10 महीने के बाद उनके लिए वापसी के दरवाजे खुल गए हैं।

### आईपीएल में दिखाया दम

रवि बिश्नोई आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स की तरफ खेलते हैं। उन्होंने आईपीएल 2023 में शानदार प्रदर्शन किया है। आईपीएल 2023 के 15 मैचों में 16 विकेट अपने नाम किए हैं। उनकी वजह से ही लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम आईपीएल प्लेऑफ में जगह बनाने में कामयाब हो पाई। इसके अलावा बिश्नोई ने टीम इंडिया के लिए 10 टी20 मैचों में 16 विकेट और 1 वनडे मैच में 1 विकेट चटकाया है।

# टॉप सीड इगा स्वियातेक का कमाल, तगड़ी जीत के साथ विंबलडन के अगले दौर में बनाई जगह

नई दिल्ली, एजेंसी। फेमस ग्रैंडस्लेम टूर्नामेंट विंबलडन में दुनियाभर के स्टार टेनिस खिलाड़ी एक-दूसरे का सामना कर रहे हैं। टॉप सीड महिला खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने बुधवार को विंबलडन के दूसरे दौर में जगह बना ली है। उनके अलावा और भी कई दिग्गज खिलाड़ी अगले राउंड में पहुंच चुके हैं।

### इगा स्वियातेक ने दर्ज की जीत

इगा स्वियातेक ने सीधे सेट में जीत दर्ज की जबकि पुरुष एकल में तीसरे वरीय दानिल मेदवेदेव भी अगले दौर में जगह बनाने में सफल रहे। पोलैंड की स्वियातेक ने स्पेन की सारा सोरिबोस टोर्मो को 6-2, 6-0 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। रूस के तीसरे वरीय मेदवेदेव ने ब्रिटेन के 20 साल के आर्थर फेरी को पहले दौर के मुकाबले में सीधे सेटों में 7-5, 6-4, 6-3 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।



### फ्रांसिस टियाफो भी जीते

अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज और फ्रांसिस टियाफो भी विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहे। 9वें वरीय फ्रिट्ज ने एक सेट से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए जर्मनी के यानिक हेंफमैन को 6-4, 2-6, 4-6, 7-5, 6-3 से हराया जबकि टियाफो ने यिबिंग वू को सीधे सेटों में हराया। विंबलडन के तीसरे दिन भी बारिश ने खलल डाला और बाहरी कोर्ट पर दो बार मुकाबलों को रोकना पड़ा। मुख्य स्टेडियम में भी मौसम के कारण कुछ देकर के लिए मुकाबले रुके। पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने भी दो मुकाबलों में खलल डाला।

# इन 3 खिलाड़ियों को सेलेक्टर्स ने किया इग्नोर, खतरे में पड़ गया कॅरियर! टीम का ऐलान होते ही हुआ साफ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सेलेक्टर्स ने वेस्टइंडीज के लिए भारतीय टी20 टीम का ऐलान कर दिया है। टीम में आईपीएल और घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले युवा खिलाड़ियों को जगह मिली है। वहीं, टीम इंडिया में तीन ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्हें विंडीज टूर के लिए सेलेक्टर्स ने नजरअंदाज में कर दिया है। ये खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं और टीम इंडिया की हार में बड़ी कमजोरी साबित हो रहे हैं।



### 1. भुवनेश्वर कुमार

भारतीय टीम के स्टार तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार लंबे समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। उनके विकेट लेने में कामयाब नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने विरोधी बल्लेबाजों के खिलाफ खूब रन लुटाए हैं। टी20 वर्ल्ड कप 2022 में भी वह अपने नाम के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। इसके बाद भी उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में मौका मिला था, लेकिन वह प्रभावित करने में विफल रहे थे। इसके बाद उन्हें श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज से बाहर कर दिया गया। भुवनेश्वर ने अपना आखिरी मैच 22 नवंबर 2022 को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। उन्होंने टीम इंडिया के लिए 87 टी20 मैचों में 90 विकेट अपने नाम किए हैं।

### 2. रविचंद्रन अश्विन

रविचंद्रन अश्विन टेस्ट में भारतीय टीम के इस समय सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं, लेकिन सफेद गेंद के क्रिकेट में वह अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं। टी20 वर्ल्ड कप 2022 के लिए उन्हें भारतीय टीम में जगह मिली थी, लेकिन वह बेहतरीन प्रदर्शन नहीं कर पाए और उसके बाद से ही टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं। उन्होंने भारत के लिए अपना आखिरी मैच 10 नवंबर 2022 को इंग्लैंड के खिलाफ खेला था। अब उनकी जगह टीम में युवा स्पिनर्स ने ली है। इनमें रवि बिश्नोई और युजवेंद्र चहल जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। अश्विन ने भारतीय टीम के लिए 65 टी20 मैचों में 72 विकट चटकाए हैं।

### 3. हर्षल पटेल

वेस्टइंडीज टूर के लिए सेलेक्टर्स ने भारतीय टीम में हर्षल पटेल को मौका नहीं दिया है। उन्हे टी20 वर्ल्ड कप 2022 में मौका मिला था, लेकिन वह प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं बना सके। इसके बाद उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में भी जगह नहीं मिली थी और आईपीएल 2023 में आरसीबी के लिए खेलते हुए वह खास कमाल नहीं दिखा पाए। ऐसे में उनके करियर पर संकट के बादल मंडराते हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने अभी तक भारतीय टीम की तरफ से 25 टी20 मैचों में 29 विकेट अपने नाम किए हैं।


# केन विलियमसन बने वर्ल्ड के नंबर-1 टेस्ट बल्लेबाज, ऋषभ पंत टॉप-10 में एकमात्र भारतीय



**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने इंग्लैंड के जो रूट को पछाड़कर लेटेस्ट आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में नंबर-1 का स्थान हासिल कर लिया है. भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन भी बुधवार को जारी आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार हैं जबकि पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल गंवाने वाली भारतीय टीम पहले स्थान पर बनी हुई है. अश्विन भी गेंदबाजों की सूची में पहले स्थान पर हैं. इस सीनियर ऑफ स्पिनर के 860 अंक हैं. ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस दो स्थान के फायदे से दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं. उनके 826 अंक हैं. भारत के ही रविंद्र जडेजा ऑलराउंडर की सूची में 434 अंक के साथ शीर्ष पर बरकरार हैं. अश्विन भी इस सूची में दूसरे स्थान पर बने हुए हैं लेकिन अक्षर पटेल ऑलराउंडर की सूची में पांचवें स्थान पर खिसक गए हैं. पिछले साल दिसंबर में कार दुर्घटना में घायल होने के बाद से क्रिकेट से दूर विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत 10वें नंबर के साथ भारत के शीर्ष बल्लेबाज हैं. कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली क्रमशः 12वें और 14वें स्थान पर हैं. शुभमन गिल वनडे इंटरनेशनल बल्लेबाजी रैंकिंग में पांचवें स्थान पर हैं जबकि कोहली (आठवें) और रोहित (10वें) भी शीर्ष 10 में शामिल हैं. मोहम्मद सिराज गेंदबाजों की सूची में शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय हैं. वह दूसरे स्थान पर हैं. इंग्लैंड के पूर्व टेस्ट कप्तान रूट पांचवें स्थान पर खिसक गए हैं जिससे विलियमसन एक बार फिर नंबर एक बल्लेबाज बन गए. विलियमसन छठी बार रैंकिंग के शीर्ष पर पहुंचे थे. उन्होंने पहली बार नवंबर 2015 में शीर्ष रैंकिंग हासिल की थी. वह पिछली बार अगस्त 2021 में नंबर एक बल्लेबाज बने थे. इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे एशेज टेस्ट में 110 और 34 रन की पारियां खेलकर मैन ऑफ द मैच बने ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ चार स्थान की छलांग के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं. स्मिथ ने पिछली बार जून 2021 में विलियमसन को पछाड़कर शीर्ष रैंकिंग हासिल की थी. वह कुछ हफ्तों के लिए शीर्ष पर रहे थे जिसके बाद विलियमसन दोबारा नंबर एक बल्लेबाज बने थे. बल्लेबाजी सूची में शीर्ष स्थानों के लिए कड़ा संघर्ष है. साप्ताहिक रैंकिंग अपडेट में विलियमसन के 883 रेटिंग अंक से स्मिथ सिर्फ एक अंक पीछे है. तीसरे स्थान पर मौजूद मार्नस लाबुशेन (873) और ट्रेविस हेड के बीच भी सिर्फ एक अंक का अंतर है. इंग्लैंड के बल्लेबाज बेन डकेट 24 स्थान की छलांग के साथ पहली बार शीर्ष 20 में जगह बनाने में सफल रहे. उन्होंने दूसरे एशेज टेस्ट में 98 और 83 रन की पारियां खेली. दूसरी पारी में 155 रन बनाने के बाद इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स भी नौ स्थान की छलांग के साथ 23वें पायदान पर हैं।

## रंग संसार

# चोट लगने के बाद मुंबई पहुंचे शाहरुख खान, यूजर्स को यकीन नहीं



**मुंबई (ईएमएस)।** सोशल मीडिया पर शाहरुख खान के चोटिल होने की खबरें सामने आ रही हैं। लेकिन वह मुंबई पहुंच गए हैं और उन्हें देखकर कोई भी यकीन नहीं कर रहा है कि वह चोटिल हुए हैं। हालांकि अमेरिका के लॉस एंजिलिस में अभिनेता शाहरुख खान के चोटिल होने की खबरें सामने आने के बाद मंगलवार को सोशल मीडिया पर लोगों ने उनके जल्द ठीक होने की कामना की। गौरतलब है कि शाहरुख एक फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में लॉस एंजिलिस गए थे। चोट लगने की खबरों के बीच किंग खान को बुधवार सुबह-सुबह मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। शाहरुख जब मुंबई एयरपोर्ट पहुंचे तो इस दौरान उनकी नाक पर या कहीं पर भी किसी भी तरह की चोट का नामोनिशान नहीं दिखा। अभिनेता शहरुख खान का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बता दें कि मंगलवार को शाहरुख के करीबी सूत्रों के हवाले से कहा गया था कि उन्हें हल्की चोट आई है और अब वह मुंबई में अपने घर लौट रहे हैं। इधर मंगलवार को पूरे दिन ट्विटर पर हैशटैग शाहरुख खान ट्रेंड कर रहा था और प्रशंसक इसके तहत दिनभर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहे थे। वहीं शाहरुख को जब बुधवार की सुबह मुंबई एयरपोर्ट से बाहर निकलते हुए देखा गया तो इस दौरान वह पूरी तरह से स्वस्थ दिख रहे थे। इसके पहले मंगलवार को खबर आई थी कि लॉस एंजिल्स में शाहरुख खान एक फिल्म की शूंटिंग के दौरान घायल हो गए और उनके नाक से खून बह रहा था जिसके बाद उनको अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनकी सर्जरी की। हालांकि शाहरुख को अब मुंबई देखकर उनके घायल होने की खबरें झूठी लग रही हैं। सब एक दूसरे से जानकारी ले रहे हैं।

# भारती सिंह की नेटवर्थ 23 करोड़ रुपये

## हंसा-हंसाकर छाप लिए करोड़ों रुपए



**मुंबई (ईएमएस)।** हाल ही में मशहूर कॉमेडियन भारती सिंह ने अपना 39वां जन्मदिन मनाया। भारती का जन्म 3 जुलाई 1984 को पंजाब के अमृतसर में हुआ था। भारती 1 दशक से भी अधिक समय से मनोरंजन जगत में हैं। वह 2012 में टेलीविजन शो 'झलक दिखला जा' में भी नजर आ चुकी हैं।उन्हें सबसे ज्यादा ख्याति उनके 'लाली' के किरदार से मिली थी। उनके जन्मदिन के मौके पर आज जानेंगे कि लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाकर उन्होने अब तक कितनी संपत्ति जुटा ली है। जानकारी के मुताबिक, भारती सिंह की नेटवर्थ 23 करोड़ रुपये है। वह देश के सबसे अमीर कॉमेडियन्स में से एक हैं। भारती सिंह की हर महीने करीब 25 लाख रुपये की आमदनी है। जानकारी के अनुसार, वह हर साल 3 करोड़ रुपये कमाती हैं। भारती सिंह के टेलीविजन करियर की शुरुआत 2008 में द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज से हुई थी। वह इस शो में अतिम चार में जगह बनाने में सफल रही थीं। इसके बाद 2009 से 2010 तक कॉमेडी सर्कस के 4 अलग-अलग संस्करणों में भी वह प्रतिभागी के तौर पर शामिल हुईं। वह डांस रियल्टी 'शो झलक दिखला जा' में भी नजर आईं। उन्हें पहली फिल्म 2011 में मिली। यह एक पंजाबी फिल्म थी जिसका नाम एक नूर था। इससे पहले 2010 में उन्हें एक अदालत नाम के टीवी सीरियल में काम मिल चुका था। महज 10 साल के अंदर भारती सिंह कामयाबी की सीढ़ियां चढ़ते हुए शीर्ष पर पहुंच गईं। भारत के पति का नाम हर्ष लिंबाचिया है जो खुद भी एक राइटर हैं और कॉमेडी सर्कस, कॉमेडी नाइट्स जैसे कई फेमस शो के लिए स्क्रीनराइटिंग कर चुके हैं। मलंग फिल्म का टाइटल ट्रैक भी हर्ष ने ही लिखा है। भारती सिंह का एक बेटा है जिसका नाम लक्ष है।भारती के सिर से बचपन में ही पिता का साया उठ गया था। वह 2 साल की थीं जब उनके पिता का निधन हो गया था। इसके बाद उनकी मां ने अपनी तीन बेटियों का पालन-पोषण किया। भारती 3 बहनों में सबसे छोटी हैं। भारती का बचपन गरीबी में गुजरा लेकिन उन्होंने इसे बदलने की ठानी और मुंबई आ गईं। यहां उन्होंने अपने दम पर अपनी किस्मत को चमकाया और आज शीर्ष के कॉमेडियंस में उनका नाम शामिल हैं।

# दो पत्ती से बतौर प्रोड्यूसर डेब्यू करेंगी कृति सेनन इस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी फिल्म

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉलीवुड की खूबसूरत एक्ट्रेस कृति सेनन फिल्म इंडस्ट्री में कई हिट फिल्में दे चुकी है। एक्ट्रेस ने बॉलीवुड के कई सुपरस्टार के साथ काम किया है। कृति सेनन किसी परिचय की मोहताज नहीं है, अपने काम से इंडस्ट्री में अछा खासा नाम कमा लिया है। एक्ट्रेस अब एक्टिंग के बाद प्रोड्यूसर बन गई है। कृति ने अपने प्रोडक्शन हाउस की पहली फिल्म अनाउंस कर दी है और उसके साथ फिल्म का पहला पोस्टर भी रिलीज कर दिया है। फिल्म के नाम के साथ फिल्म की स्टार कास्ट को लेकर भी खास जानकारी दी है। फिल्म दो पत्ती से बतौर प्रोड्यूसर कृति सेनन डेब्यू कर रही हैं। ये एक मिस्ट्री थ्रिलर फिल्म है जो ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी।

**कृति सेनन के प्रोडक्शन हाउस के नाम का हुआ खुलासा** –कृति सेनन की फिल्म दो पत्ती में काजोल लीड रोल में नजर आएंगी। इस मिस्ट्री थ्रिलर फिल्म में कृति सेनन और काजोल के अलावा कनिका ढिल्लन और मोनिका भी साथ में नजर आएंगी। कृति सेनन ने बुधवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर इस फिल्म की अनाउंसमेंट की है। ये फिल्म काफी जबरदस्त होने वाली है क्योंकि इसकी स्टार कास्ट एक दमदार एंट्री के लिए पूरी तरह तैयार है। कृति के प्रोडक्शन हाउस का नाम ब्लू बटरफ्लाई फिल्म्स है।



**कृति सेनन ने इंस्टाग्राम पर दी खास जानकारी** – कृति ने इंस्टाग्राम पर काजोल, कनिका ढिल्लन और मोनिका के साथ तस्वीर शेयर की है, जिसका कैप्शन है- बतौर प्रोड्यूसर मेरी पहली फिल्म दो पत्ती की अनाउंसमेंट करके बहुत खुश हूं। तीन टैलेंटेड और खूबसूरत एक्ट्रेस के साथ काम करने में बहुत मजा आने वाला है। नेटफ्लिक्स पर ये फिल्म रिलीज होने वाली है, काजोल मैम के साथ 8 साल बाद काम करने के लिए बहुत एक्साइटेड हूं, कनिका की राइटिंग स्टाइल मुझे बहुत पसंद है। आपके साथ अपनी पहली फिल्म को प्रोड्यूस करने का ये मौका मेरे बहुत स्पेशल है।

**कृति सेनन का वर्कफ्रंट** – कृति सेनन हाल ही में फिल्म आदिपुरुष प्रभास और सैफ अली खान के साथ नजर आईं। फिल्म के रिलीज होते ही विवाद शुरू हो गया है, जो की अभी तक चल रहा है। फिल्म के डायलॉग, कहानी और स्टार कास्ट के लुक को लेकर काफी गर्मा गर्मी चल रही है।


# रणवीर के बालों को नया लुक देकर आलिम ने जीता दिल

**मुंबई (ईएमएस)।** हाल ही में बॉलीवुड सेलिब्रिटीज और क्रिकेटरों के हेयरस्टाइल के लिए जाने जाने वाले आलिम हकीम ने रणवीर सिंह के बालों को एक इंटरनेशनल ब्रांड लुक के लिए स्टाइल करके अपना जादू दिखाया, जिसे प्रशंसकों से काफी सराहना मिली। कुछ ही समय में, रणवीर का लुक शहर में चर्चा का विषय बन गया, जिसने हजारों युवाओं को इस ट्रेंडी हेयरस्टाइल के लिए प्रेरित किया। आलिम हकीम ने रणवीर सिंह को नया ट्रेंडी लुक देने के बाद की कुछ फोटोज अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन फोटो में रणवीर का लुक वाकई बेहद कमाल का लग रहा है। ब्लैक आउटफिट में स्टाइलिश हेयरस्टाइल के साथ रणवीर काफी डैशिंग लग रहे हैं। इस पोस्ट पर खुद रणवीर ने भी हार्ट इमोजी देकर रिएक्ट किया है। बता दें कि, आलिम हकीम पूरे भारत की मशहूर हस्तियों के साथ काम करते हैं और उनके ग्राहकों में सलमान खान, वरुण धवन, अर्जुन कपूर, शाहिद कपूर, रणबीर कपूर, रितिक रोशन, विक्की कौशल, राम चरण, प्रभास, अल्लू अर्जुन, यश, एन.टी. जैसे नाम शामिल हैं। रामाराव जूनियर और सचिन तेंदुलकर, एमएस धोनी, विराट कोहली, हार्दिक पंड्या, युज़ी चहल और कई अन्य क्रिकेटर भी आलिम के काम को पसंद करते हैं। बता दें कि बॉलीवुड सेलिब्रिटीज और क्रिकेटरों के हेयरस्टाइल के लिए जाने जाने वाले, आलिम हकीम एक जाना माना नाम बन गया है। जब भी सेलेब्स के ट्रेंडी लुक और अनोखे हेयरस्टाइल की बात आती है तो उनका नाम सबसे ऊपर लिया जाता है।

# घर से बेघर होने के बाद आकांक्षा ने खोल दी पूरी पोलपटटी



**मुंबई (ईएमएस)।** बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 की सबसे चर्चित प्रतिभागी बनने के बाद आकांक्षा पुरी को शो से अलविदा कहना पड़ा। आकांक्षा ने जेड हदीद संग टास्क के दौरान लिपलॉक करके तहलका मचा दिया। वहीं, अब घर से बेघर होने के बाद आकांक्षा ने घर के अंदर की बातें बताई हैं। आकांक्षा ने जेड हदीद के विवादित रवैये के बारे में बात की। आकांक्षा ने बेबीका धुर्वे संग जेड की लड़ाई के बारे में भी बात की, जब जेड ने गुस्से में आकर अपनी पैंट उतार दी थी। आकांक्षा ने इस पूरे मामले पर कहा कि जेड हदीद ने जो किया वहां गलत था, लेकिन बेबीका भी लोगों को बहुत ज्यादा उकसाती हैं। आकांक्षा ने कहा, जेड ने जो किया उसकी मैंने कड़ी निंदा की, लेकिन निश्चित रूप से मुझे लगता है कि बेबिका बहुत अधिक उकसाती हैं और वह सामने वाले को दूसरी हद तक लेकर चली जाती हैं। आकांक्षा पुरी ने बिग बॉस ओटीटी के दौरान अपने परफॉर्मेंस को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा, मुझे मौके कम मिले हैं। मुझे दो दिन देर से घर के अंदर भेजा गया था। शो की शुरुआत में, पैनलिस्ट द्वारा मेरी रैंकिंग बदल दी गई थी, क्योंकि मैं उनके लिए पिक्चर-परफेक्ट थी। आकांक्षा ने आगे कहा, बिग बॉस ने भी मुझे फेक बता दिया, क्योंकि मैंने अपना खाना अविनाश को देने का फैसला किया था। मैं एक पंजाबी परिवार से हूं, जहां हम दूसरों की सेवा करना पसंद करते हैं और हम रोटियों पर नहीं लड़ते हैं। अगर मुझे दर्शकों का ध्यान खींचना भी हुआ तो ये सबसे आखिरी काम होगा, जो मैं करुंगी।






## इस बार भाजपा की राह कठिन, शंकर मेहतो के कांग्रेस का हाथ थामने से ही पार्टी को लोधी वोट बैंक में नुकसान का अंदेशा

# बहोरीबंद: प्रणय को ही टिकट या विकल्प की तलाश में भाजपा?

### दोहरी एंटीइनकमबेंसी से निपटना बड़ी चुनौती, इस सीट पर कांग्रेस का बढ़ा उत्साह भी भाजपा के लिए बना परेशानी का सबब

**कटनी, यशभारत।** राजनैतिक विश्लेषकों की नजर इस बार बहोरीबंद सीट को लेकर है। इस विधानसभा क्षेत्र में इस बार समीकरण बदले-बदले नजर आ रहे हैं। भाजपा से कहीं अधिक दावेदार कांग्रेस में हैं लेकिन बड़ा सवाल यह है कि भाजपा इस बार किस पर दांव लगाएगी। पिछला चुनाव प्रणय पांडे ने लगभग 14 हजार वोटों के अंतर से जीता था तब कई फैक्टर काम कर रहे थे। इस बार परिस्थितियां बदली हुई हैं। पार्टी क्या मौजूदा विधायक को ही दोबारा मैदान में उतारेगी या उनके विकल्प की तलाश शुरू हो चुकी है, इसका जवाब अक्टूबर मध्य में मिलेगा। टिकट को लेकर फिलहाल दूसरे दावेदार भी सक्रिय हो गए हैं। उनके दौरे शुरू हो चुके हैं।

जिले में बहोरीबंद ऐसा विधानसभा क्षेत्र हैं जहां जातीय समीकरण जीत-हार में निर्णायक भूमिका अदा कर देते हैं। इस सीट के चुनावी ट्रेक की बात की जाए तो यहां जीत-हार का अंतर भी मामूली ही रहा है। क्षेत्रफल और बसाहट के हिसाब से भी यह क्षेत्र अलग ही मिजाज रखता है। रीठी-बिलहरी-स्लीमनाबाद जैसे ग्रामीण इलाके कई बार प्रॉपर बहोरीबंद-बाकल और इसके आसपास के क्षेत्रों के मिजाज से अलग चलते हैं। चुनाव में रीठी बेल्ट निर्णायक भूमिका अदा कर देता है और इस बार मौजूदा विधायक को इसी बेल्ट ने परेशान कर रखा है। जानकारों का कहना है कि शंकर महतो के कांग्रेस में जाने से इस क्षेत्र के सियासी समीकरण काफी कुछ बदल गए। शंकर के भाजपा में रहते जिस लोधी वोटबैंक को भाजपा साध लेती थी अब उसके छिटक जाने का खतरा मंडराने लगा है। रिकार्ड इस बात का गवाह है कि शंकर महतो किसी भी चुनाव चिन्ह से लड़े हों, करीब 25 हजार के आंकड़े पर उनकी हमेशा पकड़ रही। जानकारों का कहना है कि कांग्रेस के फेवर में यदि महतो पूरी ताकत से जुट गए तो कांग्रेस को खासा मुनाफा हो सकता है। दावा तो यहां तक किया जा रहा है कि महतो की कांग्रेस में आमद ही टिकट देने के लिए हुई है। कांग्रेस के पास इस बार बहोरीबंद में दावेदारों की भरमार है लेकिन जिस समीकरण को दिग्विजय और कमलनाथ परख चुके हैं, उस समीकरण में शंकर महतो फिट बैठ रहे हैं। कांग्रेस का वोटबैंक अगर महतो के निजी वोटबैंक के साथ जुड़ गया तो चुनावी नतीजे पलट सकते हैं। इसी संभावना ने दरअसल भाजपा को परेशान कर दिया है।

हमारी टीम ने बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र के अनेक इलाकों में लोगों से बातचीत के आधार पर जो जानकारी निकाली है उसके मुताबिक पूरे विधानसभा क्षेत्र में भाजपा सरकार से कहीं ज्यादा नाराजगी लोगों को स्थानीय विधायक से है। सरकार को लेकर व्याप्त एन्टीइनकम्बेंसी को यह नाराजगी और भी ज्यादा गहरी कर रही है। क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर लोग कहते हैं कि प्रणय पांडे के कार्यकाल में काम तो काफी हुए हैं और अनेक योजनाओं को गति मिली है, बावजूद इसके निजी रूप से उनके प्रति जनता के एक वर्ग में अब वो सहानुभूति नही बची जो 2018 में उनके साथ थी। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं से लेकर आम जनता में भी उनके प्रति असंतोष देखने मिल रहा है जो चुनाव में उन्हें नुकसान पहुंचा सकता है। हालांकि प्रणय पूरी कोशिश कर रहे हैं कि उनके खिलाफ इस चुनाव में बह रही हवा का रुख बदल जा सके। किसी भी इलेक्शन में माउथ कनवेनसिंग बहुत मायने रखती है। प्रणय के साथ माइनस यह बात जा रही है कि पूरे जिले में लोग बातों बातों में ही यह बोलने लगे है कि इस बार बहोरीबंद सीट भाजपा हार जाएगी। चुनाव में टिकट घोषित होने के बाद ही समीकरण बनते बिगड़ते हैं लेकिन बहोरीबंद को लेकर सामने आ रही इन चर्चाओं ने भाजपा के रणनीतिकारों को भी चिंतित कर दिया है। सूत्र कहते हैं कि डबल एन्टीइनकंबेंसी से निपटने के लिए पार्टी इस क्षेत्र में प्रत्याशी ही बदल दे तो आश्चर्य नही। सूत्रों का तो यह भी कहना है कि विधायक प्रणय पांडे को कहीं न कहीं इस बात का आभास हो चला है कि उनकी टिकट पर सफेदा लग सकता है इसलिए उन्होंने अपने दौरों में आजकल यह कहना भी शुरू कर दिया है कि यदि मेरी टिकट कटती है तो आप इनका साथ दीजियेगा। खुद चुनाव न लड़ने की सूरत में प्रणय का समर्थन किसे रहेगा यह भविष्य की गर्त में है किंतु आजकल प्रणय के दौरे में ज्यादातर भाजपा नेता अश्विनी गौतम साथ देखे जा रहे हैं। पार्टी में अनेक पदों पर काम कर चुके अश्विनी गौतम संगठन की ओर से बहोरीबंद क्षेत्र में कार्यक्रमों के प्रभारी के रूप में सक्रिय रहे हैं। पिछले दिनों प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने भी उन्हें इस क्षेत्र में काम करने के निर्देश दिए थे तब से वे विधायक के साथ कार्यक्रमों में देखे जा रहे हैं। पूर्व विधायक दिलीप दुबे का नाम भी यहां टिकट के दावेदारों में शुमार है लेकिन उनके साथ सिहोरा (जबलपुर) का निवासी होने के नाते बाहरी प्रत्याशी का टैग लगा हुआ है। हालांकि प्रणय भी सिहोरा से ही वास्ता रखते हुए चुनाव जीते हैं किंतु इस बार जिस तरह से कांग्रेस ने स्थानीय प्रत्याशी देने की मुहिम छेड़ रखी है उसके मद्देनजर भाजपा पर भी कटनी जिले का प्रत्याशी देने का दबाव बढ़ता जा रहा है। इसके अलावा एक-दो नाम और दावेदारों की सूची में शामिल हैं किंतु मुख्यतया प्रणय, अश्विनी गौतम और दिलीप दुबे की सक्रियता ही देखने मिल रही है। टिकट के समीकरण को एक और बात जो प्रभावित कर सकती है वह है चार सीटों के जातिगत संतुलन। अभी जिले में दो ब्राम्हण विधायक हैं। मुड़वारा की टिकट यदि ओबीसी को ही जाती है तो बहोरीबंद में सामान्य या ब्राम्हण केंडिडेट की संभावना बनी रहेगी। अब देखना होगा कि इन तमाम परिस्थितियों में भाजपा किसे आगे करके माहौल को अपने पक्ष में करती है।

# आरोपियों के घर आज चल सकता है बुलडोजर

### डेयरी संचालक के यहां डकैती व हत्या के मामले में फरार आरोपियों की तलाश में भटक रही पुलिस

**कटनी, यशभारत।** कोतवाली के आधारकाप क्षेत्र में सोमवार-मंगलवार की दरम्यानीरात डेयरी संचालक मनीष शर्मा के घर में छह बदमाशों ने घुसकर डकैती व हत्या की वारदात को अंजाम देकर फरार हैं। वारदात 42 घंटे से अधिक का समय बीत जाने के बाद पुलिस आरोपियों को नहीं दबोच पाई है। पुलिस का दावा है कि एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है लेकिन अभी उसके नाम को उजागर नहीं किया गया। शेष पांच बदमाशों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। डकैतों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। अपराधियों पर दबाव बनाने के लिए पुलिसए प्रशासन व नगर निगम के द्वारा बड़ी तैयारी की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार केडिया ने बताया कि डकैती की वारदात को अंजाम देने वाले अपराधियों के मकानों की जांच कराई जा रही है। यदि जांच में मकान सरकारी जमीन पर कब्जा कर बनाये जाना पाए जाते हैं व अवैध निर्माण पाए जाते हैं तो उनको बुलडोजर से जमींदोज किया जाएगा।


सभी प्रकार के रेडीमेड प्रीकास्ट वॉल हमारे यहां उचित रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
बजाज इंडस्ट्रीज
पता- इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 142 कटायेघाट, कटनी
मो. 8889696888




डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai) IFAAM (Germany) Fellowship in Laser and Dermatosurgery (Thailand)
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुम्बई
चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ
देवपद
स्किन एवं हेयर क्लीनिक
मिलने का समय- सोमवार से शनिवार
सुबह 11:00 से 2 सायं 5:00 से 7.30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने
झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274


अच्छी शिक्षा अच्छे जीवन की आधारशिला
विगत 27 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में अंग्रेजी/हिन्दी मा. का सफल संचालन
कक्षा 10वीं/12वीं के सफलतम रिजल्ट के साथ प्रवेश प्रारंभ
विज्ञान/कला/कामर्स/कम्प्यूटर साइंस
कटनी पब्लिक हायर सेकेन्डरी स्कूल
पता- आधारकाप, केडीसी के पास जगमोहनदास वार्ड नई बस्ती, कटनी मो. 8989979488 (whatsup) 7000697892,
E-mail - kphsskatni@gmail.com
लक्ष्मीकान्त भारद्वाज

JOB OPENING
Requirement/Skills
1. Tally Prime, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni M.P.
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207







आवश्यकता है
टेली/बिजी सॉफ्टवेयर में डाटा फीडिंग करने हेतु पुरूष/महिला की आवश्यकता है।
वेतनमान 10,000/-
संपर्क मो. 9425465227

NOBLE HEART PUBLIC ENGISH MED. HIGHER SEC. SCHOOL
NURSERY, KG-I, KG-II TO 12TH CLASS
ADMISSION OPEN

10TH CLASS TOPPER 96%
कटनी जिले की मैरिट में तृतीय स्थान
VASHISHSHTH GURU
12TH CLASS TOPPER 92%
ANUSHKA DWIVEDI

NEAR KAILWARA PHATAK, NADI PAR, KATNI Mob. 7869484013, 7389678892

सबसे अच्छा - सबसे आसान
सीधे प्रवेश की सुविधा
B.Ed. D.Pharma D.Ed.
NCTE Approved-RDVV Recognized Code - 334 Code - 2243
NCTE Approved-MP Board Recognized Code - 72203 Code - 72205
प्रवेश प्रारंभ
LL.B. · BBA · BCA · B.Com · BA · B.Sc.
M.Com · MSW · MA Edu. · PGDCA · DCA
जिले की सबसे कम फीस -सर्वश्रेष्ठ सुविधा-सबसे अच्छी पढ़ाई
SILICOBYTE KDC सिलिकोबाइट कटनी डिग्री कॉलेज
आधारकाप, नई बस्ती, कटनी 9981435977 silicobyte@yahoo.com


SAHIL MOBILE GALLERY
आपके सपनों को करें साकार
आपकी मनपसंद मोबाइल अब आसान किस्तों में उपलब्ध
सभी मोबाइल कंपनियों के लेटेस्ट मॉडल उपलब्ध
0 प्रतिशत ब्याज दर मोबाइल फाइनेंस उपलब्ध
6 माह, 8 माह, 10 माह एवं 12 माह की आसान किस्त
न्यूनतम डाउन पेमेंट तुरंत लोन अप्रूवल
अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें- मो. 09755555860
oppo vivo realme SAMSUNG ONEPLUS NOKIA iQOO
झूलेलाल मार्केट स्टेशन रोड, कटनी (म.प्र.)


डॉ. दीपक सक्सेना
डॉ. शोभना सक्सेना
SHRI HOSPITAL KATNI
विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. शोभित प्यासी
बी.डी.एस./एम.डी.एस.
रूट कैनाल विशेषज्ञ
डॉ. उपासना स्थापक
बी.डी.एस./एम.डी.एस.
पाइरिया एवं इम्प्लांट विशेषज्ञ
संपर्क करें- श्री हॉस्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड बरगवां, कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316

Admission OPEN
CHADHA GROUP OF INSTITUTIONS
Accredited By NAAC
KATNI ARTS & COMMERCE COLLEGE
CHADHA COLLEGE
Your dream your expectation your success
MBA
B.Com | BBA | BCA | BA |
B.Sc. | B.Sc. PCM | B.Sc. CS | MSW | B.Lib.
LL.B. | LL.M. | M.Com | PGDCA | DCA
Saraswati School Road, Nai Basti, Katni (M.P.)
Mob.: 8817403036, 88701017268

डॉ. निशा श्रीवास्तव
एमबीबीएस एमएस ईएंटी गोल्ड मेडलिस्ट
Fellowship in Skull Base Surgery; Ex surgeon AIIMS; Specialist in microscopic Ear, Head-Neck and Endoscopic sinus surgery (FESS) नाक कान एवं गला विशेषज्ञ
नाक, कान, मुंह एवं गले व थायरॉइड का ऑपरेशन व इलाज
इन लक्षण दिखने पर करें संपर्क:- कान से पानी बहना, नाक ब्लॉक, एलर्जी, आवाज में बदलाव, सिर में दर्द खर्राटे, टांसिल कानों में सीटी बजना, चक्कर आना गले व चेहरे में किसी प्रकार की गठान, थायराइड की जांच व उपचार हकलाना तुतलाना मुंह में छाले, मुंह कम खुलना व अन्य गले का कैंसर नाक कान व गले से संबंधित बीमारी के स्पेशलिष्ट प्रख्यात डॉक्टर
पता:- आरोग्य डेंटल के सामने वाणी डायग्नोस्टिक के बाजू में ओम शांति हॉस्पिटल के पास आदर्श कॉलोनी कटनी (म.प्र.) Mob:9431777003,
Email:-nisha.drent@gmail.com




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)